**अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.**
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# मेहंदीघाट के सुंदरीकरण को 8.59 करोड़ मंजूर

इरा अवस्थी कन्नौज

- जिला प्रशासन की तरफ से भेजा गया था 12 करोड़ का प्रस्ताव, और बजट मिलने की उम्मीद
- कार्यदायी संस्था हुई नामित, जल्द टेंडर प्रक्रिया के बाद शुरू हो सकता है काम
- पर्यटन के दृष्टिगत भी विकसित करने की योजना पर कार्य चल रहा है

**अमृत विचार।** गंगा के मेहंदीघाट के सुंदरीकरण को लेकर चल रहा इंतजार खत्म होने को है। जिला प्रशासन के प्रयासों के फलस्वरूप 8.59 करोड़ रुपये की धनराशि को मंजूरी मिल गई है। टेंडर के साथ जल्द ही काम शुरू कराए जाने की उम्मीद है।

यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि गंगा का मेहंदीघाट आस्था की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। इसे पर्यटन के दृष्टिगत भी विकसित करने की योजना पर कार्य चल रहा है। इसी क्रम में शासन को करीब 12 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया था। इसके अंतर्गत घाट का पक्का निर्माण, किनारे पर छतरी युक्त बैठने की व्यवस्था (गजीबो), मंदिर के पीछे पार्क का निर्माण, महिलाओं के लिए कपड़े बदलने के कमरों, सुलभ प्रसाधन, रोशनी की व्यवस्था को लाइटें, पेयजल के लिए आरओ प्लांट की स्थापना के काम का आगड़न बनाकर भेजा गया था। इसके अलावा गंगा आरती के लिए कथा स्थल का निर्माण भी प्रस्तावित है। इसको लेकर पहला प्रस्ताव मई 2025 को बनाकर शासन को भेजा गया था। इसके बाद इसे रिवाइज कर दिसंबर में दोबारा भेजा गया। इसके सापेक्ष 9 करोड़ 59 लाख रुपये की स्वीकृति मिल गई है। इसके साथ ही कार्यदायी संस्था सीएनडीएस को नामित भी कर दिया गया है। जानकारी दी कि इसी वित्तीय वर्ष में टेंडर होने के साथ ही नए वित्तीय वर्ष के शुरुआत में काम शुरू कराए जाने की संभावना है। उम्मीद जताई की अभी विकास के लिए और बजट मिल सकता है क्योंकि जिस स्तर पर घाट को विकसित करने की योजना है उसके लिए 12-15 करोड़ रुपये की लागत आएगी। यह भी बताया कि यह बजट मुख्यमंत्री पर्यटन स्थलों के विकास के संबंध में राज्य योजना से स्वीकृत हुआ है। कहा कि यदि सब कुछ ठीक रहा तो कन्नौज को यह घाट एक पर्यटन और सैर स्थल के रूप में भी मिल जाएगा।


गंगा के मेहंदीघाट पर गंगा आरती का दृश्य। (फाइल फोटो)


जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री।

# मंत्री ने दी साफ सफाई की सीख

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** कंपोजिट विद्यालय मानीमऊ में श्रमदान के तहत स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम हुआ। इसमें स्वयं सदर विधायक व राज्य मंत्री समाज कल्याण विभाग असीम अरुण ने श्रमदान कर बच्चों को साफ सफाई की सीख दी। इसके साथ ही प्रत्येक कक्षा कक्ष में जाकर सफाई किट भी बांटी।

शनिवार को होली पर्व से पूर्व विद्यालय में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत राज्य मंत्री ने बच्चों को अनुशासन एवं साफ - सफाई के प्रति जागरूक किया। कहा कि अपने विद्यालय को साफ सुथरा रखिए,कक्षा कक्ष में छोटे गमले रखिए उनको नियमित पानी दीजिए। जब हमारे आस पास स्वच्छ वातावरण होगा तब हमारा मन भी पढ़ाई में लगेगा। स्वच्छता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रत्येक कक्षाध्यापक ने अपने बच्चों के साथ साफ सफाई की।


विद्यालय मानीमऊ में छात्राओं से रंग लगवाते सदर विधायक व राज्यमंत्री असीम अरुण।

- कंपोजिट विद्यालय मानीमऊ में हुआ आयोजन, प्रत्येक कक्षा में सफाई किट भी दी

मंत्री ने स्वयं प्रत्येक कक्षा में जाकर सफाई की एवं बच्चों को सफाई के प्रति जागरूक किया। राज्य मंत्री ने सभी कक्षाओं में स्वच्छता किट के अंतर्गत फिनायल, झाड़ू, पोछा, कपड़ा, वाइपर, बाल्टी भी दी। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नगर क्षेत्र की हुनरमंद बालिकाओं की टीम ने राज्य मंत्री को रंगोत्सव पर्व की शुभकामना संदेश कार्ड एवं हस्तनिर्मित हर्बल गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्दीप कुमार ने बेसिक शिक्षा विभाग की वर्तमान सत्र की पहली अर्द्धवार्षिक पत्रिका प्रदीपिका भी भेंट की।

शिक्षक अतुल कुमार दीक्षित ने राज्य मंत्री का स्कैच बनाकर भेंट किया। शिक्षक सुमित गुप्ता की पपेट टीम ने स्वच्छता का संदेश बच्चों को दिया। इस मौके पर बीईओ मधुलिका बाजपेई, प्रधानाध्यापक सर्वेश कुमार द्विवेदी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### मस्जिद की जमीन पर अवैध कब्जे का प्रयास

**छिबरामऊ।** नगर के मोहल्ला कस्सावान में मस्जिद की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर विवाद गहरा गया है। मस्जिद के मुतवल्ली मो. साजिद ने बाल्मीकि समाज के कुछ व्यक्तियों पर जबरन दुकान बनाने और टीन शेड डालने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। मुतवल्ली के अनुसार, उक्त जमीन का मुकदमा सिविल जज जूनियर डिवीजन छिबरामऊ के न्यायालय में विचाराधीन है, जिसकी अगली सुनवाई 20 अप्रैल को तय है। आरोप है कि बाल्मीकि समाज के कुछ दबंग एक माह से जमीन पर अतिक्रमण कर रहे हैं। आरोप है कि विपक्षी न केवल अवैध कब्जा कर रहे हैं, बल्कि विरोध करने पर धार्मिक उन्माद फैलाने और जान-माल की धमकी भी दे रहे हैं। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को शिकायती पत्र सौंपकर मांग की है कि न्यायालय के आदेशों का सम्मान कराते हुए अवैध कब्जे को तत्काल हटवाया जाए, ताकि मोहल्ले में शांति व्यवस्था बनी रहे और किसी भी प्रकार के संभावित विवाद को टाला जा सके।

### फौजी के मकान पर महिला ने किया कब्जा

**छिबरामऊ।** छिबरामऊ देहात में एक मामला सामने आया है, जहाँ एक सैन्यकर्मी के बंद मकान का ताला तोड़कर एक महिला ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। पीड़िता ने पुलिस से मकान खाली कराने की गुहार लगाई है। किशनपुर सुरैधा (औरैया) निवासी दिलीप कुमार से प्रियंका पत्नी बीनू ने 23 अगस्त 2025 को छिबरामऊ देहात में एक मकान का बैनामा कराया था। बैनामा के बाद से ही परिवार वहां रह रहा था। चूंकि उसके पति भारतीय सेना में कार्यरत हैं, इसलिए कुछ समय पूर्व वह घर पर ताला लगाकर अपने पति के साथ चली गई थी। 25 जनवरी को जब घर लौटी तो घर का ताला टूटा मिला। वहां संध्या पाल नाम की महिला अवैध रूप से रह रही है। आरोप है कि जब उसने अपना घर खाली करने को कहा, तो महिला ने मकान छोड़ने से साफ इनकार कर दिया। विरोध करने पर गालीगलौज की और जानमाल के साथ परिवार को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी भी दी है। पीड़ित ने मामले की जांच की मांग की है।

# हटाया बैरियर, सरायमीरा में लग रहा जाम

## पूर्वी ओवरब्रिज के पास जाम से निजात दिलाने के लिये की गई थी अन्य डिपो की बसों को रोकने की व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** होली के चलते पूर्वी बाईपास पर कानपुर की ओर से आने वाली अन्य डिपो की रोडवेज बसों को रोकने के लिये लगाया गया बैरियर हटा दिया गया है। इससे सरायमीरा में जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जाम में फंस कर यात्री व स्थानीय लोग परेशान हो रहे हैं।

सरायमीरा में लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिये एसपी के निर्देश पर यातायात पुलिस ने लगभग महीने भर पहले पूर्वी ओवरब्रिज के पास बैरियर लगाया था। इसस बैरियर से कन्नौज डिपो की रोडवेज बसों को प्रवेश की इजाजत थी जब कि अन्य डिपो की बसों को ओवरब्रिज के ऊपर से निकाल दिया जाता था। इससे सरायमीरा बस स्टैंड पर अधिक बसे एकत्र नहीं होती थी।

एक तरफ से बसों के स्टैंड पर आने से जाम भी सरायमीरा में नहीं लग रहा था। दो दिनों से बैरियर को हटा दिया गया है। इसे हटाने का मुख्य कारण होली पर्व को माना जा रहा है। बताया गया कि होली पर बाहर से अपने घर आ रहे यात्रियों को दिक्कत होगी। इसीलिये इस व्यवस्था में बदलाव किया गया है। दो दिन में ही सरायमीरा में भीषण जाम से लोगों को बेहाल होना पड़ गया। कानपुर व गुरसहायगंज की ओर से आने वाली रोडवेज बसें जब स्टैंड में एक साथ प्रवेश करतीं या एक निकलती है और दूसरी बस प्रवेश करती तो जाम लग जाता है। इससे यातायात पुलिस को घंटो जूझना पड़ रहा है। शनिवार को भी दिन भर यही हालात बने रहे और यातायात सिपाही पसीना बहाते रहे। यातायात इंसपेक्टर रवि शंकर तिवारी ने बताया कि होली को लेकर व्यवस्था में बदलाव किया गया है। कुछदिन के बाद बैरियर की व्यवस्था पहले की तरह कर दी जायेगी।


ओवर ब्रिज के निकट बैरियर हटने के बाद गुजरती रोडवेज बसें।


सरायमीरा रोडवेज बस स्टैंड के निकट जीटी रोड पर लगा जाम। अमृत विचार


रोडवेज बस स्टैंड पर खड़ी दिल्ली जाने के लिये बसें। अमृत विचार

### त्योहार पर कन्नौज से दिल्ली के लिये रोज 50 बसें

**कन्नौज।** होली पर दिल्ली समेत अन्य प्रांतों से आने वाले यात्रियों को साधनों की दिक्कत नहीं होने दी जायेगी। इसके लिये पर्याप्त रोडवेज बसों की व्यवस्था की गई है। फिलहाल नियमित 50 बसें दिल्ली के लिये चलाई गई हैं। देश के अन्य प्रांतों में मेहनत मजदूरी कर रहे लोगों को होली पर्व पर घर सुगमता से लाने के लिये कन्नौज से 50 बसें दिल्ली के लिये चलाई गई हैं। यह रोडवेज बसें शनिवार से शुरू की गई है। शाम तक 41 रोडवेज बसो को दिल्ली के लिये भेजा गया है। खास बात इन बसों की यह रहेगी कि दिल्ली से जिस स्थान के लिये अधिक यात्री होंगे वहीं भेजी जाएंगी, यानी दिल्ली से सीधे हरदोई व अन्य जनपदों के लिये। एआरएम अभिषेक वाजपेई ने बताया कि इस के अलावा जयपुर से कन्नौजज के लिये दो और दिल्ली से गोरखपुर के लिये चार बसें चलाई गई हैं। यह सभी बसें 08 मार्च तक नियमित चलाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि पर्व पर यात्रियों को वेहतर सेवा देने के लिये यह व्यवस्था की गई है।

# कन्नौज जेल से भागा बंदी गुरुग्राम में गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- मुठभेड़ में पुलिस ने चोरी के आरोपी के पैर में मारी गोली

**50** हजार रुपये का घोषित था इनाम, नववर्ष के जश्न के दौरान भागा था

**अमृत विचार।** जिला जेल से साथी के साथ करीब दो माह पहले 50 हजार रुपये के इनामी को गुरुग्राम पुलिस (अपराध शाखा मानेसर) ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पैर में गोली लगी।

तालग्राम थाना क्षेत्र के गांव हजरतपुर निवासी अंकित कुमार उर्फ गुड्डा को ठठिया थाना पुलिस ने धान से लदे लोडर चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया था। चार जनवरी को जेल में नव वर्ष के जश्न के दौरान वह पॉक्सो एक्ट में बंद आरोपी डिंपी उर्फ शिवा के साथ कंबल की रस्सी बना कर दीवार फांदकर भाग निकला था। कन्नौज पुलिस डिंपी को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अंकित फरार चल रहा था। कन्नौज पुलिस इस आरोपी का तलाश लगातार कर रही थी। एसपी ने संबंधित पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया था। मामले में लापरवाही पर जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद, जेलर विनय प्रताप, डिप्टी जेलर बद्री प्रसाद, जेल वार्डर शिवेंद्र सिंह यादव, अतुल मिश्रा, नवीन कुमार, जयपाल व कपिल को निलंबित कर दिया गया था। एसटीएफ ने डिंपी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि गुरुवार की रात उप निरीक्षक मनोज कुमार को सूचना मिली कि कन्नौज जेल से फरार आरोपी बाइक लेकर तमंचे के साथ पचगांव चौक से खोह कासन की ओर जा रहा है। इस पर गुरुग्राम पुलिस ने घेराबंदी की। इस पर उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए उसके पैर में गोली मार कर गिरफ्तार कर लिया। बताया गया है कि आरोपी की तरफ से तीन जबकि पुलिस की ओर दो फायर किए गए।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि उक्त पर गुरुग्राम में पहले से एक मामला दर्ज था और अब वहां मुठभेड़ में गिरफ्तार हुआ है। कन्नौज में भी दो केस दर्ज हैं फरारी समेत। अब कन्नौज पुलिस की तरफ से वारंट बी की कार्रवाई करते हुए गुरुग्राम जेल में दाखिल किया जाएगा। इसके बाद स्थानीय कोर्ट से उसे तलब कर जिले में लाया जाएगा।


कार्यक्रम में पहुंचे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव साथ में शिव सिंह यादव।

### शांतिपाठ में पहुंचे अखिलेश, अनूप जलोटा ने दी भजनांजलि

**तिर्वा।** खैरनगर मार्ग पर किसान प्रशिक्षण केंद्र के सामने शनिवार को स्व. लक्ष्मी नारायण यादव के शांति पाठ में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद अखिलेश यादव सम्मिलित हुए। उन्होंने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा को याद किया। स्व यादव के पुत्र प्रदेश सरकार में रहे संस्थागत वित्त सचिव शिव सिंह यादव अखिलेश के बहनोई लगते हैं। श्रद्धासुमन अर्पित करने पहुंचे मशहूर भजन गायक अनूप जलोटा ने भजनों के माध्यम से श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी अंबी जैन, जिला अध्यक्ष कलीम खान, सपा नेता अनिल पाल, इंद्रेश यादव, कृष्णा यादव, कुक्कू चौहान, अंशुल गुप्ता अजय चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### हरे पेडों की कटाई का विरोध

**सौरिख।** गांव के श्मशान घाट की जमीन पर खड़े हरे पेड़ों की कटाई से नाराज ग्रामीणों ने समाधन दिवस में शिकायत दर्ज कराई।

सौरिख की ग्रामसभा ईशमपुर के मजरा वगियाहर निवासी अवनीश कुमार, प्रकाश चंद, जगदीश चंद, उपेंद्र सिंह, मनोहर लाल सुनील पाल, सुधीर पाल, रजनीश पाल, महेश चंद्र, संतोष कुमार, अतुल कुमार, राम सिंह, विमलेश कुमार सहित कई लोगों ने थाना समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया, गांव में श्मशान घाट की जमीन पर हरे पेड़ खड़े हैं। ग्राम प्रधान द्वारा उन्हें कटवाया जा रहा है। मांग की कि हरे पेड़- पौधों को न कटवाया जाए।

# अवैध वाहनों के बढ़ने से बस संचालक परेशान

संवाददाता,छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** घटियाघाट-औरैया मार्ग पर अवैध डग्गामार वाहनों (टेंपो, ई-रिक्शा, टाटा मैजिक) के बढ़ते प्रभाव से बस संचालकों में भारी रोष है। नेशनल मोटर यूनियन ने प्रशासन को अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है।

यूनियन का आरोप है कि उच्च न्यायालय के आदेशों को ताक पर रखकर परमिट वाले मार्गों पर अवैध वाहन चलाए जा रहे हैं। स्टाफ का कहना है कि विरोध करने पर डग्गामार वाहन चालक उनके साथ गालीगलौज और मारपीट करते हैं। बस मालिकों ने आरटीओ कानपुर और स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि इन अवैध वाहनों को तुरंत हटाया जाए, अन्यथा सभी बसों का चक्का जाम कर कार्य बहिष्कार किया जाएगा। इस मौके पर आकाश भदौरिया, प्रदीप शाक्य, हिमांशु चौहान, महेंद्र सिंह, अनिल कुमार गुप्ता, मोहम्मद इलियास, सुरेंद्रकुमार त्रिवेदी, मौजूद रहे।


तहसीलदारों को ज्ञापन देते बस मालिक।

# एलईडी वैन बताएगी श्रीअन्न की उपयोगिता

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद एलईडी वैन के माध्यम से श्रीअन्न यानी मोटे अनाज (मिलेट्स) का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। इसको लेकर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट परिसर में एलईडी जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा श्रीअन्न (बाजरा, ज्वार, रागी, कोदो, सावां आदि) को बढ़ावा देने के उद्देश्य से व्यापक अभियान संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य किसानों को पोषक तत्वों से भरपूर इन पारंपरिक फसलों की खेती के लिए प्रेरित करना तथा आमजन को इनके स्वास्थ्यवर्धक गुणों से अवगत कराना है। विशेष रूप से तैयार एलईडी वैन के माध्यम से जनपद के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर लघु फिल्में, लोकगीत, विज्ञापन एवं डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की जा रही हैं, जिनमें श्रीअन्न के पोषण, आर्थिक एवं पर्यावरणीय लाभों की जानकारी दी जा रही है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को मिलेट्स बीज मिनीकिट का निःशुल्क वितरण, प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग) इकाइयों की स्थापना पर अनुदान, मोबाइल आउटलेट एवं मिलेट्स स्टोर पर अनुदान, प्रेरणा कैंटीन की स्थापना पर सहायता तथा प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहयोग किया जा रहा है।



हरी झंडी दिखाकर मिलेट्स के प्रति जागरूकता वैन को रवाना करते जिलाधिकारी।

**किसान चिंतित** धूप से राहत की सांस, खेतों में कटी पड़ी राई और खुद रहा आलू

# बदला मौसम, बादलों ने किसानों की धड़कनें बढ़ाई

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** इन दिनों जिले भर के किसान अपने खेतों में आलू की खुदाई और भराई में लगे हैं। इसके साथ ही तमाम किसानों ने राई की कटाई कर ली है जो खेतों में ही पड़ी रहकर सूख रही है। ऐसे में अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह से शुरू हुई बादलों की आवाजाही के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई। अच्छी बात यह रही कि 12 बजे के बाद मौसम खुल गया और धूप निकल आई।

फरवरी के अंतिम दिवस शनिवार को सुबह से ही मौसम में बदलाव देखने को मिला। बादलों के आने और जाने से वातावरण में ठंडक महसूस होने लगी। इसके साथ ही ठंडी हवा भी चलती रही जिससे लोग हल्के गर्म कपड़े पहने नजर आए। उधर किसानों की चिंता बढ़ गई। कारण यह कि आलू की फसल पकने के साथ ही खुदाई होने लगी है। तमाम किसानों के खेतों से आलू उठ चुका है तो कई के खेतों में ही ढेर लगा है। वहीं कई के खेत में खुदाई का काम चल रहा है। इसी तरह से जिन किसानों ने सरसों की खेती की है उनमें से कई की फसल तैयार हो चुकी है। कहीं कट चुकी है तो कहीं काटी जानी है। जिन किसानों ने फसल काट ली है उन्होंने उसे दाना निकालने की स्थिति को लेकर सूखने के लिए खेत में ही छोड़ा है। यह बात अलग है कि बहुत से किसान ऐसे भी हैं तो फसल खेत से उठा चुके हैं। ऐसे में सुबह से बादल आए तो किसानों की धड़कनें बढ़ना स्वाभाविक ही था। डर था कि कहीं बारिश न हो जाए। बारिश हो जाती तो खेत में पड़ी फसल भीग जाती और आलू की खुदाई भी रुक सकती थी। दोपहर 12 बजे खुलकर धूप निकल आई तो किसानों ने राहत की सांस ली। यह बात भी उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग की ओर से फिलहाल बारिश की संभावना नहीं जताई गई है।


सुबह के समय आसमान में बादलों का डेरा। अमृत विचार

### फरार आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**कन्नौज।** लंबे समय से फरार चल रहे अपहरण के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

थाना इंदरगढ क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना इन्दरगढ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मामले में रबी उर्फ दाताराम पुत्र दिनेश पाल निवासी ग्राम करणपुर मतनी थाना हरपालपुर जिला हरदोई के खिलाफ पाक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज थी। पुलिस इसकी तलाश लगातार कर रही थी। शनिवार को आरोपी को नादेमऊ रोड से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में दरोगा राजेश कुमार, हेड सिपाही अनुज कुमार शामिल रहे।

# चकबन्दी चौपाल में सुनीं किसानों की समस्याएं

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** ग्राम मिरगावां, परगना, तहसील व जिला कन्नौज में चकबंदी ग्राम चौपाल का आयोजन डिप्टी कलेक्टर/बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी रेशमा सहाय के नेतृत्व हुआ। इस दौरान किसानों को चकबन्दी प्रक्रिया, उसके चरणों एवं उससे होने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई।

अधिकारियों ने बताया कि ग्राम में धारा-4(2) के प्रकाशन के उपरांत अग्रेतर धाराओं की कार्यवाही पूर्ण करते हुए धारा-10 का प्रकाशन 30 सितंबर 2025 को किया जा चुका है। वर्तमान में जोत चकबन्दी आकार पत्र-23 भाग-1 की तैयारी का कार्य प्रगति पर है, जिसे शीघ्र पूर्ण कर जांच की प्रक्रिया प्रारम्भ की जाएगी।

चौपाल के दौरान मुनव्वर हसन, अनवर हसन, राधा मोहन तिवारी (एडवोकेट) एवं अन्य ग्रामीणों ने गाटा संख्या 251 में खाद के गड्ढे, पंचायत घर एवं विद्यालय हेतु भूमि सुरक्षित किए जाने, सेक्टर व चकमार्ग की व्यवस्था की मांग रखी। इस संबंध में बंदोबस्त अधिकारी ने संबंधित चकबन्दी कर्मियों को निर्देशित किया कि आकार पत्र-23 भाग-1 की तैयारी एवं जांच का कार्य मानक कार्यगुजारी के अनुरूप शीघ्र पूर्ण कराते हुए ग्राम की चकबन्दी प्रक्रिया निर्धारित समयावधि में संपन्न कराई जाए।

### बोर्ड परीक्षा में 157 गैरहाजिर

**कन्नौज।** दो पालियों में चल रही हाईस्कूल व इंटर की बोर्ड परीक्षाएं शनिवार को शांति से हुईं। इस दौरान कुल 157 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। प्रथम पाली में हाईस्कूल की संस्कृत परीक्षा 29 केंद्रों पर हुई। इसमें पंजीकृत 296 में से 279 छात्रों ने परीक्षा दी जबकि 17 गैरहाजिर रहे। द्वितीय पाली में इंटर की चित्रकला आलेखन/ चित्रकला प्राविधिक परीक्षा 64 केंद्रों पर कराई गई। इसमें पंजीकृत 1243 में से 1104 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 139 अनुपस्थित रहे। दूसरी ही पाली में हाईस्कूल संगीत वादनपरीक्षा एक केंद्र पर हुई। इसमें पंजीकृत 44 में से 43 छात्रों ने परीक्षा दी है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## न्यूज ब्रीफ

### युवती ने फंदा लगाकर जान दी, कोहराम

**कन्नौज।** किसी बात से नाराज युवती ने मकान के अंदर आंगन के जाल से गले में फंदा डाल कर आत्महत्या कर ली। परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां मौत की पुष्टि हुई। सदर कोतवाली के मोहल्ला अरारावारी निवासी गौरी (18) पुत्री स्व. रघुराज सिंह शनिवार को दिन में करीव 11:20 बजे घर में अकेली थी। इसी दौरान किसी बात से नाराज होकर उसने मकान के अंदर आंगन में पड़े लोहे के जाल से गले में फंदा डाल कर आत्म हत्या करली। उसकी छोटी बहन स्कूल गई थी और मां घर में नहीं थी। जब कुछ देर के बाद वह लौटी तो पुत्री को फंदे पर लटका देखा। शोर मचाने पर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे और उतार कर जिला अस्पताल ले गये। जहां डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### दुष्कर्म में कार्रवाई न होने पर हंगामा

**कन्नौज।** दुष्कर्म के मामले में पुलिस की ओर से कार्रवाई न किये जाने से नाराज महिला ने एसपी कार्यालय के बाहर हंगामा काटा। महिला का आरोप था कि एक अधिकारी ने उसके साथ दो वर्ष तक दुष्कर्म किया। पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही। एक महिला शाम के समय एसपी कार्यालय पहुंची। आरोप लगाया कि उसके साथ एक अधिकारी ने लगातार दो साल तक दुष्कर्म किया। जब वह अपनी शिकायत लेकर कोतवाली पहुंची तो उसकी बात नहीं सुनी गई। यही नहीं पुलिसकर्मियों ने उसके साथ गालीगलौज और अभद्रता भी की। एसपी से ऑफिस में किसी के न मिलने पर वह हंगामा करने लगी। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस कार्यालय से पुलिस बल पहुंच गया।

### स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता में सरोजनी नगर अव्वल

**गुरसहायगंज।** वार्डों में स्वच्छता प्रतिस्पर्धा की गई। सरोजनी नगर स्वच्छ वार्ड विजेता घोषित किया गया। नगर पालिका परिषद के द्वारा 17 से 28 फरवरी तक चलाए गए स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत वार्डों में प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई। इसमें नागरिकों को साफ सफाई, येलो स्पॉट, रेड स्पॉट, जीबीपी पॉइंट, सोर्स सेग्रीगेशन, कूड़ा कलेक्शन, जीरो बेस्ट इवेंट शौचालय की साफ सफाई आदि के विषय में मूल्यांकन किया गया। जिसमें 12 बिंदुओं में 150 अंक निर्धारित किए गए थे। वार्ड 15 सरोजनी नगर को 138, वार्ड 09 हर्ष नगर 133, वार्ड 03 कबीर नगर को 131 अंक प्राप्त हुए। वही प्रतियोगिता में वार्ड 15 की सभासद मीना गुप्ता सरोजिनी नगर को प्रथम, द्वितीय स्थान पर वार्ड नंबर 9 हर्ष नगर के निर्मल श्रीवास्तव, तृतीय स्थान पर वार्ड 03 कबीर नगर की सभासद गीता देवी को घोषित किया गया।

# 3658 रसोइयों की होली में भरे रंग, आया मानदेय

## फरवरी के अंतिम दिवस जनवरी की उपस्थिति के आधार पर मानदेय की रकम उनके खातों में हस्तांतरित कर दी गई है

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले के विभिन्न विद्यालयों में मध्याह्न भोजन पकाने में लगी 3658 रसोइयों की होली अब रंग भरी हो गई है। फरवरी के अंतिम दिवस जनवरी की उपस्थिति के आधार पर मानदेय की 73 लाख रुपये से अधिक की रकम उनके खातों में हस्तांतरित कर दी गई है। इसी तरह से शिक्षकों का फरवरी का वेतन करीब 42.43 करोड़ रुपये भी खातों में पहुंच गया है।

यह जानकारी देते हुए वित्त एवं लेखाधिकारी शिवम गुप्ता ने बताया कि पीएम पोषण (मध्याह्न भोजन) योजना के अन्तर्गत 1006 परिषदीय प्राथमिक विद्यालय, 259 उच्च प्राथमिक विद्यालय, 194 कम्पोजिट विद्यालय, 39 अशासकीय सहायता प्राप्त उच्च प्राथमिक विद्यालय, 13 सहायता प्राप्त मदरसे, 04 दीन दयाल उपाध्याय राजकीय विद्यालय, 01 अनुदानित संस्कृत विद्यालय एवं 60 इण्टर कालेज सहित कुल 1576 विद्यालयों में 3658 रसोइया कार्यरत हैं। जनवरी-2026 का मानदेय उनकी उपस्थिति के आधार 73,13,866 रुपये की धनराशि रउनके खाते में स्थानान्तरित कर दिया गया है।

इसके अतिरिक्त विद्यालयों में अध्ययनरत 138863 छात्र-छात्राओं को प्रत्येक सोमवार को "मार्निंग स्नैक्स" के रूप में ताजा एवं मौसमी फल (अमरूद, केला, सेब, सन्तरा, नाशपाती, चीकू, आडू, शरीफा आदि) वितरित कराये जाने को चार रुपये प्रति छात्र की दर से 85 लाख 27,184 रुपये की धनराशि विद्यालयों के मध्यान्ह भोजन निधि खातों में भेज दी गई है। इसी तरह से शिक्षामित्रों का फरवरी का मानदेय 1 करोड़ 24 लाख 23012 रुपये, अंशकालिक अनुदेशक मानदेय 16,29,900 रुपये, कार्यालय स्टाफ संविदा एवं सेवा प्रदाता समस्त कर्मचारियों को वेतन का भुगतान कर दिया गया है।

बताया कि परिषदीय 5055 शिक्षकों को माह फरवरी का वेतन 42 करोड़ 43 लाख 02907 रुपये होली के पर्व से पूर्व उनके खातों में स्थानांतरित कर दिया है। उधर, त्योहार से पहले वेतन व मानदेय मिलने से कर्मचारियों में खुशी का माहौल है।



लाभार्थी को उज्ज्वला योजना के तहत डेमो चेक प्रदान करते तिर्वा विधायक, साथ में जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**5055** परिषदीय शिक्षकों के खातों में पहुंचे वेतन के 42.43 करोड़

**73** लाख रुपये से अधिक पहुंचे खातों में

### उज्ज्वला योजना के 146261 के लाभार्थियों के खाते में पहुंचे 80 करोड़

**कन्नौज।** होली पर्व पर सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को निशुल्क गैस सिलेंडर (फ्री गैस रिफिलिंग) /डेमो चेक का वितरण मेडिकल कालेज तिर्वा के आडोटोरियम हाल में किया गया। इस मौके पर योजना के 146261 लाभार्थियों के खातों में 80 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि भेजी गई। शनिवार को विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री तथा मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चैधरी और अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) देवेन्द्र सिंह की उपस्थिति में पात्र लाभार्थियों को निशुल्क गैस सिलेंडर (फ्री गैस रिफिलिंग) का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वितरण का सजीव प्रसारण देखा व सुना गया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि प्रथम चरण में माह अक्टूबर से दिसम्बर तथा द्वितीय चरण में जनवरी से मार्च तक एक वित्तीय वर्ष में 2 बार नि:शुल्क रिफिलिंग वितरण कराया जाता हैं। शनिवार को जनपद में 146261 प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों को 8,08,47,230 रुपये की धनराशि उनके खाते में अंतरित की गई। इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को त्योहार के अवसर पर राहत तथा स्वच्छ ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देना है। जिलाधिकारी ने कहा कि होली जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार पर नि:शुल्क गैस रिफिलिंग का वितरण सरकार का अत्यन्त सराहनीय एंव जन कल्याणकारी कदम है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. स्वदेश गुप्ता, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, उप निदेशक कृषि श्री संतोष कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी राजीव कुमार मिश्रा सहित अन्य उपस्थित रहे।



समाधान दिवस में समस्या सुनते वरिष्ठ उपनिरीक्षक। अमृत विचार

# चार समस्याओं में ही निपट गया समाधान दिवस

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** समाधान दिवस में अधिकांश फरियादी राजस्व की समस्या को लेकर पहुंचते है। लेकिन समाधान दिवस में राजस्व का कोई अधिकारी न पहुंचने से अधिकांश फरियादी निराश होकर लौट गए। जिससे चार समस्याओं में ही समाधान निपट गया। जबकि चार समस्याओं में से एक का भी निस्तारण नहीं हो सका।

शनिवार को कोतवाली परिसर में अतिरिक्त निरीक्षक सीपी तिवारी के नेतृत्व में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। होली के त्योहार और राजस्व अधिकारी न पहुंचने के कारण फरियादियों की कमी नजर आई। समाधान दिवस में कुल चार फरियादी शिकायत लेकर पहुंचे। जिसमें दो राजस्व व दो पुलिस संबंधी शिकायत में एक भी निस्तारण नहीं हो सका। भूमि पर कब्जा, भूमि पर जबरन निर्माण, मारपीट, गाली गलौज आदि समस्याओं को लेकर फरियादियों ने शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई। मौजूद अतिरिक्त निरीक्षक ने राजस्व व पुलिस कर्मियों को शिकायती पत्र देकर स्थलीय जांच कर निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक ध्यानेंद्र सिंह, कस्बा प्रभारी दीपक कुमार सिंह, एसआई सुरेंद्र पाल सिंह, दीपक चौधरी, अनुराग दुबे, गजेंद्र सिंह, आदि कर्मी रहे।



चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते बच्चे। अमृत विचार

# बेटियों की शिक्षा के लिए संस्थापक ने दिया जोर

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** सावरकर हेल्प फाउंडेशन के शिक्षण संस्थान में संस्था के संस्थापक की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर छात्र एवं छात्राओं ने फूलमाला अर्पण कर नमन किया। इस दौरान गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें संस्थापक के कृतित्व व व्यक्तित्व पर पदाधिकारियों ने प्रकाश डाला।

शनिवार को ग्राम ऊँचा मे सावरकर हेल्प फाउंडेशन के शिक्षण संस्थान में संस्था के संस्थापक स्व. रामनरायन चतुर्वेदी की पुण्यतिथि पर निशुल्क शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्था के संचालक संदीप चतुर्वेदी ने कहा कि सावरकर हेल्प फाउंडेशन के संस्थापक के त्याग और उनके बलिदान को कभी बुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने शिक्षा के प्रति हमेशा जागरूकता फैलाई और गरीब एवं लाचार बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में उनकी आर्थिक व सामाजिक मदद भी की।

# बिजली बिल राहत योजना समाप्त, खाली रहे जमा काउंटर

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** बिजली बिल राहत योजना के अंतिम दिन बकायेदार उपभोक्ता बिल जमा करने नहीं पहुंचे। पूरे दिन विभाग के अधिकारी कर्मचारी हांथ-पांव मारते रहे पर कोई नतीजा नहीं निकल सका।

तीन माह से चल रही योजना का शनिवार को समापन हो गया। अंतिम तिथि को लेकर विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने खूब प्रचार प्रसार किया पर सब बेकार चला गया। विभाग का मानना था कि 28 फरवरी को छूटे हुए बकायेदार योजना का लाभ हर हाल में ले लेंगे। पर ऐसा नहीं हुआ। एक्सईएन व एसडीओ कार्यालय के काउंटर बकायेदारों के लिये खुले रहे कि पता नहीं कब उपभोक्ता पहुंच कर अपना बकाया बिल योजना के तहत जमा करने पहुंच जाये। बकाया बिल जमा करने के लिये उपभोक्ताओं के न पहुंचने का एक कारण किसान के आलू खुदाई में लगा होना भी बताया जा रहा है। इसलिये उसके पास रुपये का अभाव रहा। यही नहीं योजना में शासन स्तर से 50 फीसदी उपभोक्ताओं को ही छूट का लाभ दिया गया। इनमें उन उपभोक्ताओं को लाभ दिया गया जो प्रति माह करीव 600 रुपये की बिजली खर्च करते थे। इसके अलावा योजना के वह उपभोक्ता वंचित हो गये जिन्होंने एक या दो बार बकाया बिल जमा कर दिया। एक्सईएन विद्युत मगन सिंह का कहना था कि योजना बेहतर रही। इसमें ब्याज पर 100 व बकाया पर 25 फीसदी की छूट दी गई। इसी तरह बिजली चोरी के मामले में भी खासी छूट रही। इसके बाद भी जो उपभोक्ता योजना का लाभ नहीं ले सके उनको अब पूरा बकाया बिल जमा करना होगा नहीं तो उनका कनेक्शन काट दिया।



बिजली कार्यालय में बकाया बिल जमा करते उपभोक्ता। अमृत विचार

### अब नही बढ़ेगी योजना की अवधि

**कन्नौज।** एक्सईएन ने बताया कि शासन का फरमान आ गया है। बिजली बिल राहत योजना के तहत जिन बकायेदार उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ नहीं लिया है अब उनको लाभ नहीं मिलेगा। योजना का समय अब नहीं बढ़ाया जायेगा। यही नहीं अब कोई दूसरी छूट की योजना भी नहीं लाई जायेगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मुड्गांव विकासखंड मोहम्मदाबाद जनपद फर्रूखाबाद**

कार्यालय ग्राद्य पंद्र/ मुडगांव / पत्रांक 0004/ ग्रा / पंचम वित्त / पंद्रहवां वित्त दिनांक 28–02–2026 वर्ष 2025/26

अल्पकालीन निविदा सूचना

पंचम वित्त / 15वा वित्त / राज्य वित्त आयोग / के अन्तर्गत ग्राम पंचायत–मुडगांव वि0खं0 मोहम्मदाबाद जनपद फर्रूखाबाद द्वारा कराए जाने वाले निर्माण कार्य पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदा दाताओं से सील बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा दिनांक 01–03–2026 से 08–03–2026 तक अपराह्न 4: 00 बजे ग्राम प्रधान,सचिव के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0 पं0 कार्यालय से 500 रुपए नकद देकर प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री लागत | जमानत राशि | टेंडर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य अवधेश के घर से रामचंद्र के घर तक | 167478.00 | 2% | 500 |

श्री रामनारायण सिंह, ग्राम प्रधान श्री संजय सक्सेना, सचिव

ग्राम पंचायत मुडगांव विकासखंड मोहम्मदाबाद जनपद फर्रूखाबाद

**कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, चित्रकूट**

संख्या: 1881 / जि0आ0अ0/ चित्रकूट / अपील व आ0सू0/2025–26/ दिनांक: फरवरी 28 2026

**अपील / आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि युवाओं के बीच नशा का बढ़ता प्रचलन चिंता का विषय है इस नशे की आदत से युवा वर्ग समाज के रचनात्मक विकास में अपना योगदान नहीं कर पा रहा है। ऐसी स्थिति में आप सभी से अपील है कि युवाओ को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव के सम्बन्ध में जागरूक करे, ताकि युवा वर्ग नशा मुक्त जीवन यापन करते हुए समाज के रचनात्मक विकास में महत्वपूर्ण सदस्य की भूमिका अदा कर सकें।

(अखिलेन्द्र बहादुर सिंह)
जिला आबकारी अधिकारी
चित्रकूट।

### रंग-बिरंगे गुलाल से सराबोर हुए छात्र, छात्राएं



**गुरसहायगंज।** नगर के रामगंज स्थित आकाश एजूकेशन सेंटर में रंगों के पावन पर्व होली को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे गुलाल से सराबोर हो उठा। चारों ओर आनंद और उल्लास का वातावरण दिनभर छाया रहा। शनिवार को कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे व अध्यापक-अध्यापिकाओं को गुलाल लगाकर होली की हार्दिक बधाई दीं। सभी ने सौहार्द, भाईचारे एवं आपसी प्रेम का संदेश दिया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक एवं छात्र तथा छात्राओं ने आपसी सौहार्द एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने का संकल्प लिया। आकाश एजूकेशन सेंटर में होली का उत्सव प्रेम, उल्लास और सद्भावना का संदेश देकर संपन्न हुआ।



प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, 280 बच्चों ने दिखाया दम

**छिबरामऊ, कन्नौज।।** कोतवाली क्षेत्र के विशुनगढ़ रोड स्थित केएसपीएल आदर्श विद्यालय में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जूनियर और सीनियर विंग की इस प्रतियोगिता में कुल 280 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। बच्चों ने भूगोल, इतिहास, विज्ञान, संविधान और पर्यावरण जैसे विषयों पर आधारित चुनौतीपूर्ण सवालों के जवाब दिए। प्रबंधक रामपाल सिंह यादव ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं का उद्देश्य बच्चों का मानसिक विकास करना और उन्हें दुनिया की जानकारी से जोड़ना है। प्रधानाचार्य दीपक यादव ने बताया कि इस पहल से छात्रों में हर क्षेत्र (कृषि, विज्ञान, राजनीति) की समझ विकसित होती है। इस दौरान अमित कुमार, विशाल अग्निहोत्री, अक्षत दुबे सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रिरूवा बुजुर्ग वि०ख० सरीला (हमीरपुर)**

पत्राकः मेमो/ मनरेगा/विज्ञप्ति/ 2025–26 दिनांकः 28/02 /2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, एवं लघु सिचाई विभाग एवं व्यापार कर विभाग में पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं से मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु निविदायें **दिनांक 12.03.2026** तक **कार्यालय ग्राम पंचायत रिरूवा बुजुर्ग वि0ख0 सरीला** में आमत्रित की जाती है। जो **दिनांक 28.02.2026** से **दिनांक 12.03.2026** तक बेची जाएगी तथा **दिनांक 12.03.2026** को 2.00 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी. तथा **दिनांक 12.03.2026** को समय 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर **कार्यालय ग्राम पंचायत रिरूवा बुजुर्ग वि0ख0 सरीला** से प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रू0 मूल्य का स्टाम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | योजना | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रू0 में | धरोहर राशि 2 प्रतिशत) | निविदा का मूल्य + टी.टी | कार्य पूर्ण होने की अवधि | ग्राम पंचायत का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | उमेश के दरवाजे से बाकेलाल के दरवाजे तक सी0सी0 निर्माण कार्य | 298261 | 5965 | 225+41 | 3 माह | ग्राम पंचायत रिरूवा बुजुर्ग पो0–न्यूलीबांसा वि0ख0 सरीला (हमीरपुर) |

**अन्य शर्ते-** 1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं की जाएगी।
3. किसी भी दशा में अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा।
4. आपूर्तिकर्ता निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें।
5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।
6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर आपूर्तिकर्ता द्वारा वहन किया जाएगा।
7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी।.
8. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी।
9. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नहीं ली जा सकती है।
10. किसी भी प्रकार का वाद मात्र हमीरपुर न्यायालय में ही मान्य होगा।

ग्राम प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत
ग्राम पंचायत - रिरूवा बुजुर्ग, वि०ख० सरीला (हमीरपुर)

बैठक | कमेटी ने तैयारियों को लेकर बुलाई बैठक, रूपरेखा तय

# आनंदेश्वर धाम आश्रम में 16 को आनंद जनजागरण यात्रा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** मानीमऊ गांव स्थित आनंदेश्वर धाम आश्रम में धार्मिक और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इस दौरान समाज कल्याण विभाग के राज्य मंत्री असीम अरुण आश्रम पहुंचे और आगामी 16 मार्च को प्रस्तावित ध्वज पूजन एवं विशाल आनंद जन जागरण कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की। मंत्री ने आश्रम पहुंचकर दर्शन-पूजन किया और कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया।

आनंदेश्वर धाम आश्रम के पीठाधीश्वर कौशल जी महाराज ने बताया कि आगामी 22 से 28 अप्रैल तक सनातन धर्म सेवा फाउंडेशन के बैनर तले दिव्य एवं भव्य धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। इन कार्यक्रमों की व्यापक जनजागरूकता के लिए 16 मार्च को विशाल आनंद जनजागरण यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत-महात्मा और धर्मप्रेमी लोग भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कृति और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। साथ ही युवाओं को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करना और सामाजिक एकता का संदेश देना भी इस अभियान का प्रमुख लक्ष्य रहेगा। उन्होंने बताया कि यात्रा में विभिन्न स्थानों पर धर्मसभा, भजन-कीर्तन और आध्यात्मिक प्रवचन आयोजित किए जाएंगे, ताकि जनमानस में धार्मिक चेतना का संचार हो सके। राज्य मंत्री ने चर्चा के दौरान कहा कि ऐसे धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति की तैयारियों की सराहना करते हुए आश्वासन दिया कि प्रशासनिक स्तर पर जो भी सहयोग आवश्यक होगा, वह उपलब्ध कराया जाएगा। यह भी कहा कि जनजागरण यात्रा समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगी और लोगों को अपने सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगी। बैठक में यात्रा के मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और विभिन्न चरणों में होने वाले कार्यक्रमों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

आयोजकों ने बताया कि यात्रा मानीमऊ से प्रारंभ होकर आसपास के प्रमुख स्थानों से गुजरते हुए व्यापक जनसंपर्क करेगी, जिससे अधिक से अधिक लोग कार्यक्रम से जुड़ सकें। अंत में सभी संतों, पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं ने मिलकर कार्यक्रम की सफलता के लिए संकल्प लिया और समाज में धर्म, सद्भाव एवं जागरूकता का संदेश फैलाने का आह्वान किया।



शिष्य को आशीर्वाद देते आनंदेश्वर धाम आश्रम के पीठाधीश्वर कौशल जी महाराज। अमृत विचार

**कार्यालय ग्राम पंचायत न्यूलीबांसा वि०ख० सरीला (हमीरपुर)**

पत्राकः मेमो/ मनरेगा/विज्ञप्ति/ 2025–26 दिनांकः 28/02 /2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, एवं लघु सिचाई विभाग एवं व्यापार कर विभाग में पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं से मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु निविदायें **दिनांक 12.03.2026** तक **कार्यालय ग्राम पंचायत न्यूलीबांसा वि0ख0 सरीला** में आमत्रित की जाती है। जो **दिनांक 28.02.2026** से **दिनांक 12.03.2026** तक बेची जाएगी तथा **दिनांक 12.03.2026** को 2.00 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी. तथा **दिनांक 12.03.2026** को समय 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर **कार्यालय ग्राम पंचायत न्यूलीबांसा वि0ख0 सरीला** से प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रु0 मूल्य का स्टाम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | योजना | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रू0 में | धरोहर राशि 2 प्रतिशत) | निविदा का मूल्य + टी.टी | कार्य पूर्ण होने की अवधि | ग्राम पंचायत का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | मातादीन के मकान से रामभगौती के आवास तक सी0सी0 रोड निर्माण | 743374 | 14867 | 450+81 | 3 माह | ग्राम पंचायत न्यूलीबांसा वि0ख0 सरीला (हमीरपुर) |
| 2 | मनरेगा | श्रीपत के मकान से गया प्रसाद के मकान तक इन्टर लाकिग कार्य | 467003 | 9340 | 250+45 | 3 माह | ग्राम पंचायत न्यूलीबांसा वि0ख0 सरीला (हमीरपुर) |
| 3 | राज्यवित्त | गौशाला में खड़ंजा निर्माण कार्य | 145383 | 2908 | 250+45 | 3 माह | ग्राम पंचायत न्यूलीबांसा वि0ख0 सरीला (हमीरपुर) |

**अन्य शर्ते-** 1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं की जाएगी। 3. किसी भी दशा में अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा। 4. आपूर्तिकर्ता निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें। 5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। 6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर आपूर्तिकर्ता द्वारा वहन किया जाएगा। 7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी।. 8. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी। 9. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नहीं ली जा सकती है। 10. किसी भी प्रकार का वाद मात्र हमीरपुर न्यायालय में ही मान्य होगा।

ग्राम प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत
ग्राम पंचायत - न्यूलीबांसा, वि०ख० सरीला (हमीरपुर)

अमृत विचार www.amritvichar.com



## न्यूज ब्रीफ

### खेत में लावारिस मिली नवजात बच्ची

**अमृतपुर।** राजेपुर थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर सरसों के खेत में एक नवजात बच्ची लावारिस हालत में पड़ी मिलने से हडकंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार राई गांव निवासी सिद्धार्थ पुत्र धीरेन्द्र ने डायल 112 पर लगभग साढ़े बारह बजे सूचना दी कि उसके सरसों के खेत में एक नवजात बच्ची पड़ी हुई है। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम और थाना राजेपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा कि खेत में एक नवजात बच्ची लावारिस अवस्था में पड़ी है। बच्ची को तत्काल डायल 112 वाहन से उपचार के लिए राम मनोहर लोहिया अस्पताल भिजवाया गया। साथ ही मामले की जानकारी चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को भी दे दी गई है। पुलिस आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ कर नवजात की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। घटना स्थल पर शांति व्यवस्था कायम है।

### राजेपुर थाने में शांति कमेटी की बैठक

**अमृतपुर।** राजेपुर थाने में होली पर्व के मद्देनजर शनिवार को शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार ने प्रधानों के साथ यह बैठक की। इस अवसर पर क्राइम इंस्पेक्टर इंद्रजीत सिंह ने सभी उपस्थित लोगों से होली को भाईचारे और पारंपरिक भावना के साथ मनाने की अपील की। थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार ने कहा कि गांवों में किसी भी छोटे-मोटे विवाद की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जो लोग रंग नहीं खेलना चाहते, उनके साथ जबरदस्ती न की जाए। थाना अध्यक्ष ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि किसी भी गांव में अवैध कच्ची शराब पाई गई, तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से अपने नाबालिग बच्चों को दोपहिया वाहन चलाने से रोकने और वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। बैठक में राजेपुर थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर इंद्रजीत सिंह और विभिन्न गांवों के प्रधान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### तीन डग्गामार व दो स्कूल बसें सीज

**फर्रुखाबाद।** शनिवार को एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा एआरएम-रोडवेज राजेश कुमार के साथ डग्गामार बसों के विरुद्ध सघन प्रवर्तन अभियान चलाया गया एवं अभिसूचना के आधार पर दिल्ली से आने वाली बसों को चेक किया गया। चेकिंग के दौरान एक बस बिना परमिट पाई गई, उस पर 70 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त दो अन्य बसों में भी कमियां पाये जाने पर 64 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त नवाबगंज क्षेत्र में दो स्कूल बसों के भी चालान किये गये। इनमें से एक बस बगैर फिटनेस तथा दोनों बस बगैर परमिट संचालित पाई गईं। दो स्कूल बसों पर 35 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। बसों को उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम के फर्रुखाबाद बस स्टेशन पर चालान कर निरुद्ध कर दिया गया है।

### देखा पीएम के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

**फर्रुखाबाद।** शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता व मुख्य अतिथि विधायक कायमगंज डॉ.सुरभि की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में सर्वाइकल कैंसर से वचाव हेतु एचपीवी वेक्सिनेशन के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुभारंभ किये जाने का सजीव प्रसारण कार्यक्रम को देखा व सुना गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व संवंधित मौजूद रहे।

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर की गई कार्रवाई

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज नगर के मुख्य बाज़ार मार्ग पर कस्बा प्रभारी गीतम सिंह ने पुलिस बल के साथ शनिवार को चेकिंग अभियान चलाया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान, पुलिसकर्मियों ने एक मोटरसाइकिल पर तीन सवारी बैठे लोगों को रोका, जो बिना हेलमेट के थे। इन बाइक सवारों के चालान किए गए। इसके अतिरिक्त, नगर में कई युवा अपनी मोटरसाइकिलों के साइलेंसर बदलवाकर चला रहे थे। इन मॉडिफाइड साइलेंसर से तेज आवाज और पटाखों जैसी ध्वनि निकलती है। मोटरसाइकिलों के साइलेंसर की जांच की।

# ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से शिक्षक की मौत,कोहराम

## तेरहवीं से लौटते समय हुआ हादसा, चालक वाहन समेत फरार हो गया

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जनपद के मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सडक़ हादसे में निजी विद्यालय के शिक्षक रणवीर सिंह (50) की मौत हो गई। वह अपने चचेरे भाई के साथ तेरहवीं संस्कार में शामिल होकर बाइक से घर लौट रहे थे, तभी सामने से आ रही आलू लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया।



रणवीर सिंह।

जानकारी के अनुसार मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव कन्हैया याकूबपुर निवासी रणवीर सिंह शहर के एक निजी विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। शुक्रवार शाम वह अपने चचेरे भाई भगत के साथ मदनापुर गांव में आयोजित तेरहवीं संस्कार में शामिल होने गए थे। देर रात करीब सवा नौ बजे दोनों बाइक से वापस लौट रहे थे। जब वे जनेया-सिठेया गांव के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही आलू लदी तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि रणवीर सिंह सडक़ पर गिर पडे और उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। बताया जा रहा है कि उन्होंने हेलमेट नहीं पहन रखा था, जिससे चोट और गहरी हो गई। वहीं पीछे बैठे चचेरे भाई भगत उछलकर दूर जा गिरे, जिससे उन्हें मामूली चोटें आईं और उनकी जान बच गई।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल रणवीर सिंह को तत्काल डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, फर्रुखाबाद ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में मां रानी देवी, पत्नी बिनीता, बेटा आयुष व पीयूष, हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मोहम्मदाबाद कोतवाली पुलिस अज्ञात ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश में जुटी है। इस हादसे ने एक बार फिर सडक़ सुरक्षा और हेलमेट की अनिवार्यता को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में तेज रफ्तार भारी वाहनों पर नियंत्रण और सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मटर के छिलकों से फिसलीं बाइकें, तीन घायल

**फर्रुखाबाद।** कादरी गेट थाना क्षेत्र में गुरुवार रात इटावा-बरेली हाईवे पर मटर के छिलकों पर बाइकें फिसलने से तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।यह घटना मसेनी चौराहे के पास हुई, जहां हाईवे पर बड़ी मात्रा में मटर के छिलके पड़े थे। इन छिलकों पर से गुजरते समय कई बाइकें अनियंत्रित होकर फिसल गईं, जिससे उन पर सवार लोग चोटिल हो गए। गांव सोता बहादुरपुर निवासी नसरुद्दीन ने बताया कि संभवतः किसी ट्रक से मटर की बोरियां गिरने के कारण ये छिलके सडक़ पर फैले थे। उन्होंने पुष्टि की कि उनके गांव के तीन लोग इस हादसे में घायल हुए हैं। आराध्या नर्सिंग होम में अन्य कई घायल भी भर्ती हुए हैं, जो इसी तरह बाइक फिसलने से चोटिल हुए थे। घटना की सूचना मिलने पर कादरी गेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से हाईवे से मटर के छिलकों को हटवाया। कादरी गेट थानाध्यक्ष कपिल चौधरी ने बताया कि उन्हें गुरुवार रात को ही घटना की जानकारी मिली थी और तत्काल छिलके हटवा दिए गए थे। उन्होंने यह भी बताया कि घायलों की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है

# महिला की मौत पर कुलवंती अस्पताल को किया सीज

संवाददाता फर्रुखाबाद

- अस्पताल में मानकों के अनुरूप सुविधाओं का अभाव मिला

**अमृत विचार।** जनपद में निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक कार्रवाई शुरू कर दी है। मसेनी चौराहा स्थित एक निजी अस्पताल में महिला की संदिग्ध मृत्यु के बाद विभाग हरकत में आया और जांच के दौरान सामने आई अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए कई अस्पतालों पर कार्रवाई की गई

जानकारी के अनुसार इटावा जनपद के उसराहार क्षेत्र निवासी एक महिला की उपचार के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी। मामले की सूचना मिलते ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवनीन्द्र कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में कई प्रशासनिक और चिकित्सीय खामियां पाई गईं, जिनमें आवश्यक अभिलेखों की कमी, मानकों के अनुरूप सुविधाओं का अभाव और उपचार संबंधी प्रक्रियाओं में लापरवाही शामिल रही।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए संबंधित अस्पताल को तत्काल प्रभाव से सीज कर दिया गया। वहां भर्ती मरीजों को सुरक्षित रूप से राजकीय एंबुलेंस के माध्यम से डॉ राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, ताकि उनका उपचार निर्बाध रूप से जारी रह सके। स्वास्थ्य विभाग ने अभियान को आगे बढ़ाते हुए मसेनी चौराहा क्षेत्र के अन्य निजी अस्पतालों की भी जांच की। जांच के बाद नारायण अस्पताल, स्वास्तिक अस्पताल, महालक्ष्मी हॉस्पिटल, गणेश हॉस्पिटल एवं बी0के0 हॉस्पिटल पर भी कार्रवाई की गई। कई स्थानों पर दस्तावेजों की जांच, पंजीकरण संबंधी प्रमाण पत्रों की समीक्षा तथा चिकित्सा सुविधाओं का भौतिक सत्यापन किया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिन अस्पतालों में मानकों का पालन नहीं पाया जाएगा, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### फंदा लगाकर मजदूर ने दी जान

**फर्रुखाबाद।** थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के मोहल्ला सलावत खां निवासी बादाम सिंह पुत्र स्व. रघुनाथ सिंह (40) का शव शनिवार सुबह

मृतक के छोटे भाई सोनू सिंह ने बताया कि बादाम सिंह मजदूरी का काम करते थे। शनिवार सुबह जब उन्होंने अपने बड़े भाई का शव मकान के मुकले में लकड़ी डालकर साड़ी से बनाए गए फंदे पर लटका देखा, तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। बादाम सिंह की पत्नी का 10 वर्ष पूर्व देहांत हो चुका था। उनके तीन बच्चे हैं, जिनमें दो बेटियां और एक बेटा शामिल हैं। बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है, जबकि दूसरी बेटी संध्या 18 वर्ष की है और सबसे छोटा बेटा सिद्धार्थ 12 वर्ष का है, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया गया है। बादाम सिंह शराब पीने के आदी थे। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पड़ताल शुरू की। थाना प्रभारी अजब सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि बादाम सिंह शराब पीने के आदी थे। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# सरकार तक नहीं पहुंचती आलू किसानों की आवाज

संवाददाता अमृतपुर

**अमृत विचार।** आलू किसान अपनी बदहाली के लिए जिम्मेदार स्थानीय जनप्रतिनिधियों को मानता है। साल दर साल कोरे आश्वासनों से आलू किसान आक्रोशित हैं।

किसानों का कहना है कि पूरे जनपद में आलू किसानों ने समय समय पर अपनी आवाज जनप्रतिनिधियों और शासन प्रशासन के सामने उठाई। हर बार एक कोरा आश्वासन दिया गया कि जनपद में जल्द आलू कारखाना लगाया जाएगा। कभी कहा जाता कि चिप्स कारखाना लगाया जाएगा, कभी कहा जाता बीयर कारखाना लगाया जाएगा। ऐसे ही साल दर साल गुजरते जा रहे हैं और आलू किसानों कि बदहाली बढ़ती चली जा रही। आखिर आलू किसानों को यह घुट्टी पिलाकर कब तक भरमाया जाएगा यह भविष्य के गर्भ में ही है। आलू किसानों की शासन प्रशासन व जनपद के सभी जनप्रतिनिधियों से मांग है कि जनपद में या तो जल्द आलू कारखाना लगाया जाए।

अगर कारखाना नहीं लगाया जाता है तो हमारा आलू सरकार अन्य फसलों की खरीद करे जिससे किसानों की आलू फसल का वाजिब मूल्य मिल सके। अकेले जनपद फर्रुखाबाद में हजारों हेक्टेयर जमीन में किसान आलू की फसल करता है जिसमें लाखों टन हर साल आलू की पैदावार होती है। उसके बावजूद जनपद में अभी तक आलू किसानों की मांग के वावजूद आलू कारखाना अभी तक नहीं लगाया गया है।

आलू ही एक ऐसी फसल है जिसका आज तक कोई समर्थन मूल्य निर्धारित नहीं किया गया है जिससे फसल का वाजिब मूल्य नहीं मिल पाता।

# वाहन से दुर्घटना होने पर निरस्त होगा ड्राइविंग लाइसेंस : डीएम

संवाददाता फर्रुखाबाद

- जनवरी में 42 दुर्घटनाओं में 26 लोगों की मौत

**अमृत विचार।** सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को संपन्न हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि पर चिंता व्यक्त की गई और दुर्घटना होने पर ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) निरस्त करने का निर्णय लिया गया।

एआरटीओ ने बताया कि इस वर्ष जनवरी माह में जनपद में 42 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 26 व्यक्तियों की मृत्यु हुई। पिछले वर्ष जनवरी माह में 24 सड़क दुर्घटनाओं में 17 व्यक्तियों की जान गई थी। राष्ट्रीय राजमार्ग पर मृतकों की संख्या स्थिर रही है, जबकि राज्य मार्ग पर इसमें कमी आई है। हालांकि, मुख्य जिला मार्ग, अन्य जिला मार्ग और अन्य



सड़क सुरक्षा समिति की बैठक।

मार्गों पर दुर्घटनाओं में वृद्धि दर्ज की गई है। जनपद की सीमा के भीतर कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई है।

बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और मृत्यु दर को देखते हुए, जिलाधिकारी ने पुलिस और परिवहन विभाग को मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा-19 के तहत ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निर्देशों के अनुसार, जनपद में प्रत्येक माह एक या एक से अधिक व्यक्तियों की मृत्यु वाली प्रत्येक दुर्घटना की सूचना, जिसमें प्राथमिकी और ड्राइविंग लाइसेंस संख्या जैसे विवरण शामिल होंगे, पुलिस विभाग द्वारा लाइसेंसिंग प्राधिकारी/एआरटीओ (प्रशासन) को भेजी जाएगी।

बैठक में अधिशासी अभियंता (प्रांतीय खंड), लोनिवि मुरलीधर, अधिशासी अभियंता विद्युत (नगरीय) बृजभान सिंह, एआरटीओ (प्रवर्तन) सुभाष राजपूत, एसीएमओ डॉ. सर्वेश कुमार यादव, डीएसओ सुरेंद्र यादव, एआरएम राजेश कुमार सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# सिगरेट व तंबाकू विक्रेता काट रहे ग्राहकों की जेब

संवाददाता कायमगंज

- खुदरा दुकानदारों और उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है

**अमृत विचार।** नगर में पान मसाला, तंबाकू, और सिगरेट के होलसेल विक्रेताओं द्वारा पुराने प्रिंट वाले स्टॉक को नए रेट पर बेचे जाने का मामला सामने आया है। इससे खुदरा दुकानदारों और उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है। सोशल मीडिया पर लगातार शिकायतें सामने आने के बावजूद संबंधित विभागीय अधिकारी अब तक कायमगंज में कोई कार्रवाई नहीं कर सके हैं।

जानकारी के अनुसार बाजार में पुराने प्रिंट के कमला पसंद, विमल, शिखर, तानसेन पान मसाला व सिगरेट समेत अन्य तंबाकू उत्पाद अब भी उपलब्ध हैं। लेकिन आरोप है कि इन उत्पादों पर पुराने रेट छपे होने के बावजूद इन्हें बढ़ी हुई कीमतों पर बेचा जा रहा है। इससे ग्राहकों को सीधा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

व्यापारियों का तर्क है कि कंपनियों द्वारा रेट बढ़ाए जाने के कारण उन्हें भी नई कीमतों पर बिक्री करनी पड़ रही है। वहीं उपभोक्ताओं का कहना है कि जब पैकेट पर अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य पुराना है तो नए रेट वसूलना नियमों के विरुद्ध है। नगर में यह भी चर्चा है कि यदि प्रशासन चाहे तो गोदामों की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जा सकती है। बावजूद इसके अब तक कोई छापेमारी या निरीक्षण अभियान नहीं चलाया गया है। इससे अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

# मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय में प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा निबंध लेखन आदि प्रतियोगिता

अमृत विचार। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर जिला विज्ञान क्लब एवं मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर में वैज्ञानिक मॉडलों की भव्य प्रदर्शनी, वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

नर्सिंग संकाय के सेमिनार हॉल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में विज्ञान क्लब की जिला समन्वयक एवं जीजीआईसी की प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पाठ्य ज्ञान तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार की भावना और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास भी आवश्यक है। विश्वविद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. अनीता यादव ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हमें महान वैज्ञानिकों के योगदान को स्मरण करते हुए विज्ञान को जन-जन तक पहुँचाने का संदेश देता है।

कार्यक्रम के उपरान्त अतिथियों ने कुलाधिपति डॉ अनार सिंह, चेयरपर्सन डॉ अनीता यादव, सलाहकार डॉ रंगनाथ मिश्र, कुलपति डॉ अनिल चौहान, कुलसचिव रणजीत सिंह के साथ विद्यार्थियों द्वारा बनाये गए वैज्ञानिक मॉडलों का भौतिक अवलोकन किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में विधि संकाय की छात्रा आरजू खान प्रथम, कला संकाय की छात्रा छवि सिंह द्वितीय तथा पॉलीटेक्निक संकाय की छात्रा वंशिका यादव तीसरे स्थान पर रहीं। जबकि निबन्ध प्रतियोगिता में नर्सिंग की छात्रा अंबिका राजपूत प्रथम, विधि की छात्रा रामा वर्मा, आयुर्वेद के छात्र सौरभ द्वितीय, फार्मेसी के छात्र रमन कुमार, पैरामेडिकल की छात्रा अनामिका वर्मा, इंजीनियरिंग छात्र मोहम्मद कैफ तथा विधि संकाय की छात्रा अंजलि तीसरे स्थान पर रही। इसी प्रकार विज्ञान मॉडलों की प्रदर्शनी में साइंस फैकल्टी की अंशिका, फार्मेसी की अल्कमा ग्रुप, विधि संकाय के रॉबोट, तथा नर्सिंग फैकल्टी की शमा बानो को पहला पुरस्कार मिला, दूसरा पुरस्कार इंजीनियरिंग के पीयूष रॉव तथा नर्सिंग की अनामिका को तीसरा पुरस्कार मिला।

### खाद्य विभाग ने मारा छापा, भरे नमूने

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज थाना क्षेत्र के नगला दाऊद स्थित मनपसंद अचार इकाई पर खाद्य विभाग की टीम ने शनिवार को निरीक्षण किया।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार, पूर्व में इसी ब्रांड से संबंधित एक शिकायत कन्नौज जनपद में सामने आई थी, जिसके बाद उत्पाद की गुणवत्ता को लेकर विभाग सतर्क है। इसी क्रम में दोबारा निरीक्षण की कार्रवाई की गई। जांच के दौरान टीम ने उत्पादन स्थल की साफ-सफाई, कच्चे माल के भंडारण, मसालों की गुणवत्ता, पैकेजिंग व्यवस्था और लेबलिंग मानकों की विस्तार से पड़ताल की। मौके पर मौजूद कर्मचारियों से जानकारी ली गई और आवश्यक अभिलेखों का सत्यापन किया गया। खाद्य विभाग के अधिकारी अक्षय प्रधान ने बताया कि प्रयोगशाला रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि उत्पाद खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप है या नहीं।

# अब 9 से 14 वर्ष की किशोरियों को लगेगी निःशुल्क वैक्सीन

संवाददाता फर्रुखाबाद

- सरकारी अस्पताल में पहली बार उपलब्ध होगी एचपीवी वैक्सीन

**अमृत विचार।** शनिवार को डॉ राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन के संबंध में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय सांसद मुकेश राजपूत उपस्थित रहे। उनके साथ लोहिया अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. जगमोहन शर्मा, महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. धीर सिंह तथा वरिष्ठ सर्जन मेजर डॉ. रोहित तिवारी भी मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति रही।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जगमोहन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि एचपीवी वैक्सीन पहले सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध नहीं थी। यह वैक्सीन केवल निजी चिकित्सालयों में लगाई जाती थी, जहां मरीजों को इसके लिए निर्धारित शुल्क अदा करना पड़ता था। अब यह सुविधा लोहिया चिकित्सालय में पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने बताया कि यह वैक्सीन 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को लगाई जाएगी। इस आयु में वैक्सीनेशन कराने से भविष्य में सर्वाइकल कैंसर (बच्चेदानी के मुंह का कैंसर) से बचाव संभव है। विशेषज्ञों ने बताया कि एचपीवी वायरस महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण माना जाता है। समय रहते वैक्सीनेशन कराने से इस गंभीर बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। डॉक्टरों के अनुसार यह वैक्सीन दो डोज में लगाई जाएगी, और निर्धारित समयांतराल पर दोनों डोज लेना अनिवार्य होगा। मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर है। एचपीवी वैक्सीन को सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध कराना एक सराहनीय पहल है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को भी इसका लाभ मिल सकेगा। चिकित्सकों ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी 9 से 14 वर्ष आयु की बेटियों का समय पर वैक्सीनेशन अवश्य कराएं। जागरूकता ही कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का सबसे बड़ा उपाय है।

आयोजन | नवप्रवेशित विद्यार्थियों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

# नर्सिंग मानवता की सेवा का पवित्र दायित्व : डॉ. अनार सिंह

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय की नर्सिंग फैकल्टी अंतर्गत संचालित श्रीबाबू सिंह दद्दू जी नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीप प्रज्ज्वलन एवं शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर एमएससी नर्सिंग, बीएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग, एएनएम एवं जीएनएम के छात्र-छात्राओं ने नर्सिंग सेवा के प्रति समर्पण की शपथ ली।

विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित समारोह का शुभारंभ कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह, चेयरपर्सन डॉ. अनीता यादव, विश्वविद्यालय के सलाहकार डॉ. रंगनाथ मिश्र, कुलपति डॉ. अनिल कुमार चौहान, कुलसचिव रणजीत सिंह एवं डीन प्रो. शेरीन पी एलेक्स द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात अतिथियों ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों के हाथों में दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें सेवा, समर्पण और मानवता के मार्ग पर अग्रसर होने का संदेश दिया। समारोह को संबोधित करते हुए कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह ने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का पवित्र दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों को संवेदनशीलता, अनुशासन और उत्कृष्टता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा दी। चेयरपर्सन डॉ. अनीता यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि एक नर्स समाज के स्वास्थ्य तंत्र की मजबूत आधारशिला होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को समर्पण, करुणा और नैतिक मूल्यों के साथ कार्य करने का संदेश दिया। विश्वविद्यालय के सलाहकार डॉ. रंगनाथ मिश्र, कुलपति डॉ. अनिल कुमार चौहान तथा कुलसचिव रणजीत सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए नवप्रवेशित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में विधि संकाय के डीन डॉ. राजपाल सिंह, फार्मेसी संकाय की डीन डॉ. बिन्दु राठौर, इंजीनियरिंग के डीन डॉ. निखिल श्रीवास्तव, पॉलिटेक्निक के डीन धीरेन्द्र सिंह सहित नर्सिंग फैकल्टी के शिक्षक डॉ. मनीश शर्मा, सुनील चेटीवाल, हर्षिता, करिश्मा, शिवा, नेहा, मालती, आदि रहीं।




पुलिस अधीक्षक आरती सिंह को प्रतीक चिन्ह देते कुलाधिपति डॉ .अनार सिंह यादव ।

# समाधान दिवस:अमृतपुर में तीन व राजेपुर में छह शिकायतें आईं

संवाददाता अमृतपुर

**अमृत विचार।** अमृतपुर व राजेपुर थाना परिसर में शनिवार को संपूर्ण थाना दिवस का आयोजन किया गया। अमृतपुर में चौकी इंचार्ज राहुल सिंह की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में कुल तीन शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से एक का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वहीं राजेपुर में कुल छह शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें अधिकतर मामले जमीनी और घरेलू विवाद से संबंधित थे।

अमृतपुर थाने में चौकी इंचार्ज राहुल सिंह ने उपस्थित फरियादियों को आश्वस्त किया कि प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई की जाएगी और सभी को न्याय मिलेगा। थाना दिवस में अमृतपुर कानूनगो लाल बहादुर, दिनेश चंद्र शर्मा, लेखपाल धर्मेंद्र त्रिपाठी, गौरव आदिल, वरुण आर्यन, उपनिरीक्षक सुरेश सहित पुलिस और राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।वहीं राजेपुर थाने में प्राप्त 6 शिकायतों में थानाध्यक्ष सुदेश कुमार ने सभी प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने फरियादियों को आश्वासन दिया कि जल्द ही मामलों की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सुमन जगदेव ने घरेलू विवाद से संबंधित शिकायत दर्ज कराई, जिस पर त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया। वहीं, रमेश, चंद्रशेखर और महेश ने जमीनी विवाद को लेकर प्रार्थना पत्र दिया।

# डीएम-एसपी फरियादियों का करते रहे इंतजार, महज तीन ही पहुंचे

## दिबियापुर थाने में डीएम और एसपी ने सुनीं शिकायतें, एक भी निस्तारित नहीं

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** दिबियापुर थाने में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान फरियादियों की संख्या नहीं के बराबर होने से वह इंतजार करते नजर आए।

समाधान दिवस में कुल तीन शिकायतें प्राप्त हुईं, जो सभी राजस्व से संबंधित थीं। अधिकारियों ने मामलों के निस्तारण के लिए टीम को मौके पर भेजने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में आधार निवासी शैलेंद्र कुमार ने भूमि पर कब्जे की शिकायत दर्ज कराई। वहीं उमरी गांव निवासी राकेश कुमार ने अपनी जमीन से जुड़ा प्रकरण रखा और कंजरी गांव निवासी रम्मानी ने भी अपनी शिकायत प्रस्तुत की। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि टीम मौके पर जाकर दोनों पक्षों की बात सुनते हुए संतोषजनक कार्रवाई सुनिश्चित करे। फरियादियों की संख्या कम होने पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक कुछ देर रुकने के बाद वापस लौट गए। चर्चा रही कि त्योहार के चलते कम फरियादी पहुंचे, जबकि कुछ लोगों का कहना था कि पूर्व में मनमानी रिपोर्टों के कारण थाना दिवस के प्रति लोगों का रुझान घटा है। अधिकारियों ने पुनः निर्देशित किया कि फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से मौके पर जाकर किया जाए। शिकायतों का निस्तारण समाचार लिखे जाने तक नहीं हो पाया था। कार्यक्रम के बाद पुलिस अधीक्षक ने थाने का निरीक्षण कर प्रभारी निरीक्षक रुद्र प्रताप नारायण त्रिपाठी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सदर तहसीलदार प्रकाश चंद्र, कानूनगो के.के. तिवारी सहित लेखपाल मौजूद रहे।


फरियादी की शिकायत सुनते डीएम व एसपी। अमृत विचार

### थाना दिवस में आई महज एक शिकायत

**अयाना।** थाना परिसर में शनिवार को एसडीएम अजीतमल निखिल राजपूत की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पूरे दिन एसडीएम व थानाध्यक्ष जयप्रकाश पाल फरियादियों के शिकायत लेकर आने की राह ताखते रहे। पूरे दिन में महज एक फरियादी राजस्व संबंधी शिकायत लेकर पहुंचा। उसका भी निस्तारण नहीं हो सका। थानाध्यक्ष जयप्रकाश पाल ने बताया कि होली का त्योहार करीब होने के चलते थाना समाधान दिवस में महज एक शिकायत आई है। जिसके निस्तारण के लिए टीम गठित कर मौके पर भेजा गया है। टीम से रिपोर्ट मिलने के बाद मामले को निस्तारित करवाया जाएगा।

### भैसोल में एडीएम ने किया औचक निरीक्षण

**अछल्दा।** विकास खंड अछल्दा क्षेत्र के ग्राम भैसोल में शनिवार को अपर जिलाधिकारी अविनाश चन्द्र मौर्या ने औचक निरीक्षण किया। गांव में संचालित सचिवालय पहुंचकर फॉर्मर रजिस्ट्री अभियान की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अभिलेखों का अवलोकन किया।

एडीएम ने मौजूद अधिकारियों से अब तक हुए पंजीकरण की जानकारी ली तथा मतदाताओं से संबंधित विवरण भी तलब किया। समीक्षा के दौरान पाया गया कि गांव में अभी लगभग 30 किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री शेष है। इस पर उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शेष किसानों का पंजीकरण शीघ्र पूर्ण कराया जाए, ताकि कोई भी पात्र किसान योजना के लाभ से वंचित न रहे। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने गांव के कोटा डीलर श्री राम और राजेंद्र पाल से भी वार्ता की और फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य में सक्रिय सहयोग करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों को जागरूक कर निर्धारित समय सीमा के भीतर पंजीकरण सुनिश्चित कराया जाए। इस अवसर पर क्षेत्रीय लेखपाल रोहित कुमार, पंचायत सहायक अतेंद्र कुमार, प्रधान प्रतिनिधि अमित कुमार ग्रामीण मौजूद रहे।


किसानों को जानकारी देते वैज्ञानिक। अमृत विचार

# वैज्ञानिकों ने किसानों को दी आधुनिक खेती की जानकारी

संवाददाता, फफूंद

**अमृत विचार।** ब्लॉक अछल्दा सभागार में कृभको द्वारा उर्वरक संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 100 किसानों ने भाग लेकर आधुनिक खेती व उर्वरक प्रबंधन की जानकारी प्राप्त की। मुख्य अतिथि डॉ. राम पलट (वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं हेड, कृषि विज्ञान केंद्र औरैया) ने रबी फसलों व केला की खेती पर विस्तार से चर्चा करते हुए संतुलित उर्वरक प्रयोग पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. सौरभ कठेरिया पशु चिकित्सा अधिकारी, अछल्दा ने पशुओं में होने वाली बीमारियों व उनके बचाव के उपाय बताए। अध्यक्षता डॉ. ब्रज विकास सिंह वैज्ञानिक, केवीके ने की। कार्यक्रम में डॉ. रश्मी यादव ने महिला किसानों को स्मार्ट खेती व वैल्यू एडिशन की जानकारी दी, जबकि डॉ. अंकुर झा ने फसलों को कीट व रोगों से बचाने के उपाय बताए। क्षेत्राधिकारी कृभको औरैया शैलेन्द्र यादव ने तरल जैव उर्वरक, कृभको जिंक व कृभको सिवारिका के उपयोग व लाभ समझाए। अंत में किसानों को कृभको सिवारिका निःशुल्क वितरित की गई। कार्यक्रम का आयोजन कृभको एवं कृषि विज्ञान केन्द्र औरैया के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### किसान को पीटने में तीन पर रिपोर्ट

**अयाना।** गांव अयाना निवासी विजय करन ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि 26 फरवरी की दोपहर तीन बजे वह खेत पर फसल काटने पहुंचा था। तभी पड़ोसी जयकरन, राधा व कृष्णकांत उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष जयप्रकाश पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

### स्कूली बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी में दिखाई प्रतिभा

**उरई।** फाउंटेनहेड पब्लिक स्कूल उरई में विज्ञान प्रदर्शनी एवं कला मेला का आयोजन शनिवार को विद्यालय परिसर में किया गया। मुख्य अतिथि राजीव शर्मा (सीओ सिटी) द्वारा दीप जलाकर फीता काटकर किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा 70 से अधिक विज्ञान मॉडल तथा 120 से अधिक आर्ट एवं क्राफ्ट मॉडल प्रदर्शित किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सेजल, श्रेयांश, विवान, अर्पिता, वंशिका, शिवनीश, नियति, उन्नति, अंश, संजना, ईशानवी, हरीश, हर्षिता, मयंक, अंशुमन, गोपाल यादव एवं कृष्णा आदि पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थियों के मार्गदर्शन एवं सहयोग हेतु इदेश, आशीष, रिषभ, उत्तम, आर्यन, विकास, जसवंत, अल्पना, प्रीति, स्नेहा, शिवानी, कामिनी, अर्पिता एवं निधि का आभार विद्यालय के प्रधानाचार्य आदित्य चतुर्वेदी द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन ज्ञान ने किया। विद्यालय प्रबंधक हाकिम सिंह द्वारा मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर किए गए।

### दुकान में चोरी

**कालपी।** कोतवाली क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित तकी कन्फैक्शनरी में ऊपर की टीन खोलकर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। जानकारी के मुताबिक बीती टरननगंज बाजार स्थित तकी कन्फैक्शनरी की दुकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए दुकान की ऊपर की टीन खोलकर गोलक से नकदी व सिगरेट आदि चोरी होने की बात दुकानदार कही। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी घटना स्थल का मुयाना किया।

### चार सड़कों को मिली मंजूरी

**कालपी।** विधायक विनोद चतुर्वेदी के प्रयास से वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य सड़क नीति के द्वारा कालपी विधानसभा क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा 4 सड़कों की स्वीकृत और प्रदान कर दी गई है। जिसका निर्माण जल्द ही शुरू हो जाएगा। विधायक विनोद चतुर्वेदी ने बताया की कालपी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बीपी मार्ग से सरावली तक 6 करोड़ रुपये की लागत, ग्राम अतरचला से उड़ संपर्क मार्ग का छटा होने जिसकी लागत 2 करोड़ 30 लाख, बृजवाहा से भदेख मार्ग का निर्माण रसूलपुर से कार्तालपुर मार्ग का नव निर्माण जिसकी लागत लगभग 1 करोड़ 42 लाख रुपये है जिसकी स्वीकृत शासन द्वारा कर दी गई है। कुछ धन का अंश भी आवंटन कर दिया गया है। इन कार्यों को जल्द पूरा कराई जाने के लिए लोक निर्माण विभाग उरई तृतीय को निर्देशित किया गया है। जो अति शीघ्र प्रक्रिया पूरी करके शुरू कर दिए जाएंगे।

### जुआ खेलते आठ गिरफ्तार

**जालौन।** शुक्रवार की रात चौकी पुलिस ने मोहल्ला जोशियाना में तालाब के पास हार-जीत की बाजी लगा रहे आठ लोगों को पकड़ा है। पकड़े आरोपियों के पास से पुलिस ने 11280 रुपये नकद और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। चौकी प्रभारी मनीष तिवारी को शुक्रवार की रात सूचना मिली कि नगर के मोहल्ला जोशियाना में तालाब के पास लंबे समय से जुआ का फड़ चल रहा है। सूचना मिलते ही वह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां पुलिस को देखते ही जुआ खेल रहे लोगों में भगदड़ मच गई। पुलिस ने घेराबंदी कर मौके से हरीपुरा निवासी अवधेश कुशवाहा, रामू वर्मा, प्रमोद वर्मा, रोहित एवं अभिषेक जोशियाना मोहल्ला जोशियाना निवासी मुकेश कुमार व आकाश बाथम एवं बैदगंज निवासी कृष्ण कुमार को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने मालफड़ पर 10,400 रुपये एवं जामा तलाशी में 880 रुपये, मोबाइल फोन व ताश की गड्डी बरामद की है। कोतवाली लाकर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की।

# कार्निवल जैसे आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने में अहम

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** एनएच-19 इटावा रोड स्थित वैदिक हेरिटेज पब्लिक स्कूल में शनिवार को कल्चरल कार्निवल का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को निखारना और उन्हें एक रचनात्मक मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक देव प्रताप सिंह और प्रधानाचार्या दीप्ति सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

प्रधानाचार्या दीप्ति सिंह ने कहा, हमारा उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। कल्चरल कार्निवल जैसे आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उन्हें नई चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। वैदिक हेरिटेज पब्लिक स्कूल सदैव विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और उनके कौशल विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हम चाहते हैं कि हर बच्चा अपनी प्रतिभा को पहचाने और निखारे। निदेशक देव प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षा और संस्कृति का मेल ही एक बेहतर नागरिक का निर्माण करता है।


बच्चों को प्रमाण पत्र देते निदेशक व प्रधानाचार्य। अमृत विचार

### रेलवे स्टेशन पर रेलवन एप के प्रति यात्रियों को किया जागरूक

**अछल्दा।** अछल्दा रेलवे स्टेशन पर रेलवन एप के प्रचार-प्रसार के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सीनियर टीसी सुरजीत सिंह व वनवारी लाल ने प्रतीक्षालय, बुकिंग काउंटर, स्टेशन मास्टर कक्ष तथा मुख्य गेट सहित प्रमुख स्थानों पर 5 सूचना बोर्ड और 5 पोस्टर लगवाए। पोस्टरों के माध्यम से यात्रियों को बताया गया कि रेलवन एप के जरिए टिकट बुक करने पर 3 प्रतिशत की छूट का लाभ मिल सकता है। सीनियर टीसी ने यात्रियों को एप डाउनलोड करने की प्रक्रिया भी समझाई और कहा कि यह एप टिकट बुकिंग के साथ-साथ ट्रेन से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी उपलब्ध कराता है।

# डीएम कार्यालय पहुंचे किसान सिंचाई विभाग पर लगाए आरोप

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

● शिकायत के बाद दो जेसीबी मौके पर पहुंचीं, खेतों से निकाला पानी

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम पसैया स्थित बूढ़ादाना रजबहा की पटरी गुरुवार देर रात करीब 11 बजे अचानक फट गई, जिससे आसपास के सैकड़ों बीघा खेतों में पानी भर गया। अचानक पटरी फटने से दर्जनों किसानों की खड़ी फसलें जलमग्न हो गईं और भारी नुकसान की आशंका है।

ग्रामीणों के अनुसार रजबहा में पिछले कई दिनों से पानी का दबाव अधिक था, जिससे पटरी कमजोर हो गई थी। गुरुवार रात दबाव बढ़ने पर पटरी टूट गई और तेज बहाव के साथ पानी सीधे खेतों में घुस गया। देखते ही देखते गेहूं, चना, सरसों और आलू की तैयार फसलें पानी में डूब गईं। खासकर सरसों की फसल, जो कटाई के लिए लगभग तैयार थी अधिक नुकसान हुआ है। घटना से आक्रोशित किसान देव सिंह, आदेश कुमार, राजेंद्र कुमार, ज्ञान बाबू, श्रीकृष्ण, चंद्रपाल सिंह और कीरत सिंह समेत कई ग्रामीण ट्रैक्टरों में भरकर ककोर मुख्यालय पहुंचे और जिलाधिकारी इन्द्रमणि त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपकर पटरी फटने की शिकायत दर्ज कराई। किसानों ने सिंचाई विभाग की लापरवाही का आरोप लगाते हुए तत्काल राहत एवं मुआवजे की मांग की। डीएम ने मामले को संज्ञान में लेते हुए शनिवार को क्षेत्रीय लेखपाल अजीत कुमार को जांच के लिए मौके पर भेजा। जांच में खेतों में पानी भरे होने की पुष्टि होने के बाद सिंचाई विभाग की टीम सक्रिय हुई। सिचाईं विभाग ने दो जेसीबी मशीन लगाकर खेतो से पानी निकालने के लिए किनारे- किनारे कच्चा नाला बनवाया, जिससे खेतों में भरे पानी की निकासी कराई गई। करीब दो जेसीबी लगाकर कार्य किया गया। ये कार्य पूरे दिन चला है। लेखपाल अजीत कुमार ने बताया कि डीएम के आदेश पर कार्रवाई की गई है।

# फेरे के दौरान दुल्हन मंडप में गिरी दूल्हे ने शादी से किया इनकार

संवाददाता, दिबियापुर

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित एक गेस्ट हाउस में शनिवार सुबह शादी समारोह के दौरान उस समय हड़कंप मच गया, जब भंवर की रस्म के दौरान दुल्हन को चक्कर आ गया और वह अचानक मंडप में गिर पड़ी। घटना से शादी समारोह में अफरा-तफरी मच गई और दूल्हे ने शादी करने से इनकार कर दिया।

जानकारी के अनुसार फफूंद थाना क्षेत्र के एक गांव से बारात कस्बे के एक मोहल्ले में स्थित गेस्ट हाउस में आई थी। दावत के बाद शनिवार सुबह भंवर की रस्म चल रही थी। छह फेरे पूरे हो चुके थे और सातवें फेरे के दौरान दुल्हन को चक्कर आने पर वह मंडप में गिर गई। इस दौरान दूल्हे ने शादी से मना कर दिया, जिससे दोनों पक्षों में विवाद की स्थिति बन गई। दुल्हन पक्ष का कहना था कि दोनों की शादी 11 दिसंबर को आयोजित सामूहिक विवाह योजना में पहले ही हो चुकी थी और गेस्ट हाउस में केवल पारंपरिक रस्में निभाई जा रही थीं। मामला बढ़ने पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर माहौल शांत कराया। कई घंटे की समझाइश के बाद दूल्हा शादी की रस्म पूरी करने और दुल्हन को साथ ले जाने के लिए तैयार हो गया। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में दुल्हन की सकुशल विदाई कराई गई। थाना प्रभारी निरीक्षक रुद्र प्रताप नारायण त्रिपाठी ने बताया कि शादी की सभी रस्में पूरी होने के बाद दुल्हन को सुरक्षित दूल्हे के साथ विदा कर दिया गया।

# वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

संवाददाता, बिधूना (औरैया)

**अमृत विचार।** ज्ञान स्थली स्कूल एकेडमी में 11वां वार्षिक महोत्सव बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक शिवप्रसाद यादव उपस्थित रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश प्रताप सिंह (प्रिंसिपल, पब्लिक इंटर कॉलेज बिधूना) रामशंकर शर्मा प्रबंधक, जनता मानवीय विद्यालय भगवन्तापुर ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम के शुभारंभ के बाद विद्यार्थियों ने वेलकम डांस, रामायण प्रस्तुति, युग नृत्य, शिवतांडव, किड्स डांस, डांडिया, ब्रज होली, ऑपरेशन सिंदूर, इंग्लिश ड्रामा, कव्वाली, कपाल डांस, नारी शक्ति, सत्यं शिवम सुंदरम, हॉरर एक्ट, गोहनी डांस तथा डेंजरस डांस सहित अनेक आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्र-छात्राओं की रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि शिव प्रसाद यादव ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

वार्षिक महोत्सव के सफल आयोजन से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में -गीता यादव, पूनम चतुर्वेदी, शिवनाथ, सागर, नीलम, मोहित सिंह, शैलेन्द्र सिंह, प्रीती सिंह, मीरा, अरुण झा, पूजा यादव, सुप्रिया, ज्योति शाक्य, साहिल सक्सेना, गायत्री, शरद, गरिमा, रवि यादव, शिखर, मुकेश सिंह चौहान, छवी, दिव्या, सर्वेन्द्र, पूजा दिवाकर, दीपक ठाकरे, मयंक, प्रदीप, वैभवी शुक्ला, अभिषेक, अनुज, मोहित कुमार, दिया, पुष्पा एवं करिश्मा आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संस्था के प्रबंधक शिव प्रसाद यादव ने कहा विद्यालय छात्र छात्राओं को बेहतर शिक्षा ही नहीं देता है बल्कि उनमें छिपी प्रतिभाओं को निखारने का प्रयास करता है। बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों को देखकर अभिभावक फूले नहीं समाए।



कार्यक्रम के दौरान अपनी प्रस्तुति देते बच्चे। अमृत विचार


स्कूल में होली खेलते बच्चे। अमृत विचार

### होली उत्सव में रंगों से सराबोर हुए नन्हे-मुन्ने

**फफूंद।** नगर के एक्सिस पब्लिक स्कूल में होली उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों व शिक्षकों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर त्योहार की खुशियां साझा कीं और भारतीय संस्कृति का उत्सव मनाया। प्रधानाचार्य गुरमीत ने कहा कि होली केवल रंगों का ही त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक है। निदेशक दीपक ने पर्व के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। उप प्रधानाचार्य अंकित अवस्थी ने भक्त प्रह्लाद और होलिका दहन की कथा सुनाकर बच्चों को सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इस दौरान श्रुति, हर्षा,नीरज व पूजा सहित विद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

प्रतिभा का प्रदर्शन

स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज में हुआ वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम

# विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर शनिवार को सहार स्थित स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज में जिला विज्ञान क्लब द्वारा वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

कार्यक्रम में जनपद के तमाम कालेजों के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की विज्ञान प्रतियोगिताएं कराई गईं। शिक्षा सोपान आईआईटी कानपुर से आई टीम द्वारा साइंस-शो का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 6 से 12 एवं उच्च कक्षाओं के सभी प्रतिभागियों के लिए विज्ञान क्विज, विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता, विज्ञान प्रयोग प्रदर्शन, पोस्टर प्रस्तुतीकरण, साइंस टून एवं भारतीय वैज्ञानिकों की जीवनी पर आधारित 2 मिनट की भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विज्ञान प्रश्नोत्तरी में दस, विज्ञान मॉडल में चार, साइंस टून में 5, विज्ञान प्रयोग में 3 व भाषण प्रतियोगिता में 7 छात्रों को चयनित किया गया। सभी छात्रों को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात शिक्षा सोपान आईआईटी कानपुर की टीम से आए विज्ञान विशेषज्ञ रंजीत कुमार, योगेश झा, अमन कुमार व हिमांशु कुमार के द्वारा विज्ञान के प्रयोगों पर आधारित दो घंटे के साइंस शो ने कार्यक्रम में सबको अचंभित कर दिया। शिक्षा सोपान टीम द्वारा छात्रों को विभिन्न प्रयोगों के जरिये भार, घनत्व, जड़त्व, वेग, आवृत्ति, ध्वनि आदि से भौतिकी से जुड़े प्रकरणों को बताया गया। कार्यक्रम में जीआईसी लखुना प्रधानाचार्य कमलेश पाण्डेय, बीईओ सहार उपेन्द्र विश्वकर्मा, डीसी समग्र शिक्षा माध्यमिक दीपक द्विवेदी, जिला विज्ञान क्लब समन्वयक मोहित सिंह व सदस्य मनीष कुमार, रामेंद्र कुशवाहा, ज्ञान प्रकाश, मुहीत सिद्दीकी, कमलकांत पॉल, प्रीति त्रिपाठी, मो आमिर व शिववीर सिंह मौजूद रहे।

विज्ञान प्रश्नोत्तर में स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज सहार के हर्ष कुमार, विज्ञान मॉडल में ब्राइट माइंड स्कूल के देवांश, भाषण में पीवीआरपी दिबियापुर से प्रानशी, विज्ञान प्रयोग में यूपीएस शिवगंज से शालिनी, साइंस टून में पीवीआरपी एकेडमी दिबियापुर से आराध्या सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।


छात्रों का मॉडल चयनित करते विज्ञान विशेषज्ञ। अमृत विचार

### विज्ञान प्रदर्शनी में दिखाई प्रतिभा

**जालौन।** मैस्कॉट पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने भविष्य की जरूरतों को देखते हुए प्रोजेक्ट बनाए। जिन्हें मौजूद लोगों ने सराहा। प्रबंधक डॉ. औसाफ अंसारी ने कहा कि प्रोजेक्ट के माध्यम से बच्चों में वैज्ञानिक सोच पैदा करना है। बच्चों ने वाटर प्यूरीफायर, पवन चक्की, ट्रैफिक सिग्नल लाइट, सेंसर वाटर सिस्टम, लंग्स फंक्शन, किडनी फंक्शन, न्यूटन क्रैडल, वॉटर कंजर्वेशन आदि प्रोजेक्ट बनाए। जिन्हें मौजूद लोगों ने सराहा। निर्णायक मंडल में डॉ. कुणाल श्रीवास्तव, डॉ. अर्जुन सिंह, उपेंद्र सिंह ने बनाए गए प्रोजेक्ट का मूल्यांकन किया। जिसके आधार पर सर्वश्रेष्ठ तीन प्रोजेक्ट को अगली श्रेणी में चयनित किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक विनोद प्रजापति, संतोष प्रजापति, हमजा, रवि, कौसर, आकांक्षा, रोशनी, दीप्ति, निकिता, नगमा आदि रहे।

# अधिवक्ता संघ उरई के अध्यक्ष बने ऋषि कुमार

**जालौन।** अधिवक्ता संघ उरई के वार्षिक चुनाव में अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और नई कार्यकारिणी का चुनाव किया। 1478 पंजीकृत मतदाताओं में से 1171 अधिवक्ताओं ने मतदान कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी दर्ज कराई।

अध्यक्ष पद पर ऋषि कुमार पटेल ने 681 मतों के साथ शानदार जीत दर्ज की, जबकि महासचिव पद पर साधना त्रिपाठी ने 518 मत पाकर जीत हासिल की। देर रात तक चली मतगणना शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई और विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव और अन्य पदों पर भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला। कचहरी परिसर में देर रात तक उत्साह का माहौल बना रहा। अब अधिवक्ताओं की समस्याओं का समाधान, संघ मजबूती और न्यायिक मुद्दों पर प्रभावी नेतृत्व की जिम्मेदारी होगी।


अधिवक्ता संघ अध्यक्ष बने ऋषि कुमार का स्वागत किया गया। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### युवक ने फंदा लगा कर की आत्महत्या

**बिवांर।** कस्बे के कबीर नगर निवासी रामस्वरूप (28) पुत्र राममिलन अनुरागी अक्सर शराब पीकर परिजनों से झगड़ता था। शुक्रवार रात 10 बजे खाना खाकर सभी लोग सो गए, तो रात में रामस्वरूप ने रबड़ को पंखे में बांधकर फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। सुबह उसे देख परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं है।

### नाबालिग से मजदूरी कराने का आरोप

**सुमेरपुर।** बिदोखर मेदनी के पप्पू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके नाबालिग पुत्र रोहित कुमार को रिश्तेदार लालू बहला फुसलाकर जनवरी में अपने साथ मौदहा ले गया था। अब राजकोट (गुजरात) में बंधक बनाकर मजदूरी करा रहा है। जब वह बेटे से बात कराने के लिए कहता है तो वह उसे धमकी देकर चुप करा देता है।

### पॉक्सो का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**कुरारा।** कानपुर देहात के देवराहट थाना क्षेत्र के जलालपुर निवासी पातीराम पॉक्सो एक्ट में वांछित चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर एसआई राकेश यादव ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

### खाद्य सुरक्षा टीम की दुकानों में छापेमारी

**मौदहा।** होली और रमजान के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा अधिकारी गिरीश वर्मा के नेतृत्व में थाना चौराहा और मलीकुआं चौराहा में छापेमारी की गई। टीम ने फल, होटल और मांस की दुकानों की जांच की और मानक पूरे न होने पर दुकानदारों को नोटिस जारी किए। मलीकुआं चौराहे पर एक दुकान में सड़े खजूर नष्ट कराए। बिरयानी में अमानक रंगों के प्रयोग पर चेतावनी दी गई।

### बजरंगबली मंदिर में हुआ विशाल भंडारा

**सुमेरपुर।** क्षेत्र के विदोखर गांव में बजरंगबली मंदिर में अखंड कीर्तन के बाद शनिवार को भंडारा कराया गया। गौ आश्रय स्थल के समीप स्थित मंदिर में शनिवार को आयोजित भंडारे में विदोखर पुरई, बिदोखर मेदनी के ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में प्रधान लालाराम यादव, सुंदरलाल प्रजापति, महेश कुशवाहा, कल्लू धुरिया, देशराज सोनी, संतराम प्रजापति, प्रेम नारायण कुशवाहा, रामकरन यादव, आशाराम परिहार आदि ने सहयोग किया।

### ब्लॉक परिसर में होली मिलन समारोह हुआ

**कुरारा।** ब्लॉक परिसर में होली मिलन समारोह हुआ, जिसमें ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, ग्राम प्रधानों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। सभी लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पारंपरिक गीतों के साथ खुशियां साझा की गईं।

### राधा-कृष्ण मंदिर में मूर्तियां विराजमान

**कुरारा।** डामर गांव के प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर में भगवान श्री कृष्ण व राधा जी, शिवजी व नंदी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा वेद मंत्रों के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। प्राचीन मूर्तियों के खंडित हो जाने पर नई मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। मूर्तियों को बैंडबाजे के साथ देव स्थानों में भ्रमण कराकर पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर मंदिर के प्रबंधक अतुल द्विवेदी, पुजारी शिवशरण द्विवेदी सहित ग्रामीणों ने रहकर कार्यक्रम में सहयोग किया।

### विज्ञान मॉडल में देवेंद्र और नावेद खान प्रथम

**हमीरपुर।** जिला विज्ञान क्लब की ओर से जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय दरियापुर में विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता हुई। डीआईओएस महेश गुप्ता, समाज कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने बच्चों के मॉडल की सराहना की। देवेंद्र व नावेद खान प्रथम, कनिष्क व विनोद द्वितीय, भूपेंद्र व मोनू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध में चिराग ने प्रथम, सत्यम ने द्वितीय तथा सत्यम सेकंड ने तृतीय स्थान पाया। यहां जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक डॉ. जीके द्विवेदी, जिला समन्वयक अनिल गुप्ता, डॉ विनय गुप्ता, आईआईटी मद्रास के दिव्यांशु गुप्ता, कुंडौरा प्रधान अरविंद प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य कैलाश कुमार रहे।

## डीएम से मांगा पानी



गर्मी की शुरुआत होते ही पानी किल्लत शुरू हो गई है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो में पेयजल की समस्या से जूझ रहे लोगों ने जिलाधिकारी की चौखट पर गुहार लगाना शुरू कर दिया है। पेयजल की समस्या से परेशान शहर की कांशीराम कालोनी की महिलाओं और पुरुषों ने वार्ड सभासद रजनी के नेतृत्व में शनिवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। उन्होंने डीएम घनश्याम मीना को ज्ञापन देकर बताया कि वर्ष 2008-09 में कांशीराम कालोनी का निर्माण हुआ था, तब एक ट्यूबबेल और एक बड़ी पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था। तब से लेकर अभी तक टंकी बंद पड़ी है। इस टंकी और ट्यूबबेल को जल निगम और जलसंस्थान के किसी भी ठेकेदार ने हैंडओवर नहीं किया है। ट्यूबवेल की 4 दिन से मोटर खराब होने के कारण पेयजल की समस्या है। उन्होंने ट्यूबवेल दुरुस्त करवाने और नलकूप में ऑपरेटर नियुक्त करने की मांग की है। • अमृत विचार

# मकान-दुकान गिराने के फरमान से हड़कंप

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- सिंचाई विभाग ने 6 मार्च तक कब्जा हटाने की मोहलत दी
- रजिस्टर्ड डाक से नोटिस मिलने के बाद लोगों की धड़कनें बढ़ीं

**अमृत विचार।** सिंचाई विभाग की बंधी को ध्वस्त करके मकान दुकान बनाने वालों को सिंचाई विभाग ने सीधे नोटिस देने के उपरांत रजिस्टर्ड डाक से नोटिस पहुंचाया है। इससे लोगों की धड़कने बढ़ गयी हैं। नोटिस की अवधि 6 मार्च को समाप्त हो रही है। इसके बाद सिंचाई विभाग क्या कदम उठाएगा यह भविष्य के गर्त मे है।

कस्बे में सिंचाई विभाग महोबा की बंधी संख्या दो है। इस बंधी को 70 के दशक में सिंचाई विभाग ने बनाया था। दो दशक पूर्व लोगों ने इस बंधी को ध्वस्त करके आलीशान मकान व्यापारिक प्रतिष्ठान आदि बना रखे हैं। इसको खाली कराने के लिए सरीला तहसील के रहटिया गांव के निवासी श्याम बाबू यादव ने 2021 में उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दाखिल करके बंधी के अतिक्रमण को हटाने की मांग की थी। उच्च न्यायालय ने सुनवाई करते हुए सिंचाई विभाग महोबा से रिपोर्ट तलब की थी।



मकान-दुकान बनाने वालों को थमाया गया नोटिस। अमृत विचार

सिंचाई विभाग ने अपनी रिपोर्ट में 95 लोगों को चिह्नित करके कब्जे किए जाने के बारे में जानकारी दी थी। हाई कोर्ट ने सिंचाई विभाग की रिपोर्ट को आधार मानकर सितंबर 2021 में खाली कराने का आदेश पारित किया था। इस आदेश के बाद सिंचाई विभाग कब्जा धारकों को दो बार अतिक्रमण हटाने का नोटिस थमा चुका है लेकिन किसी ने कब्जा नहीं हटाया है। अब सिंचाई विभाग ने अंतिम नोटिस 20 फरवरी को जारी किया है। इस अंतिम नोटिस को सिंचाई विभाग के अधिकारी कर्मचारी पूर्व में घर-घर जाकर पहुंचा चुके हैं।

इसके बाद अब सिंचाई विभाग महोबा के अधिशासी अभियंता ने रजिस्टर्ड डाक से सभी को नोटिस भेजा है। डाक से नोटिस आने पर लोगों में हड़कंप मच गया है। नोटिस में 15 दिन के अंदर अतिक्रमण हटाने को कहा गया है। 20 फरवरी को जारी की गई इस नोटिस की अवधि 6 मार्च को समाप्त हो रही है। 6 मार्च के बाद सिंचाई विभाग क्या कदम उठायेगा। यह तो अभी स्पष्ट नहीं है लेकिन जिस तरह से विभाग पुख्ता कार्रवाई कर रहा है उससे यह तय होता जा रहा है कि सिंचाई विभाग उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराने की पूरी तैयारी कर चुका है और 6 मार्च के बाद किसी भी दिन बड़ा कदम उठा सकता है।

# शादी समारोह में साउंड बॉक्स गिरने से सफाई कर्मी की मौत

## मौदहा थाना क्षेत्र के छिरका गांव में ट्रैक्टर की ट्रॉली से ऊपर गिरा साउंड बाक्स

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- दोस्त के साथ शादी समारोह में पहुंचा था बिगहना निवासी राजा

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम छिरका में विवाह समारोह के दौरान डीजे का साउंड बॉक्स गिरने से घायल सफाई कर्मी की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

बिवांर थाना क्षेत्र के ग्राम बिगहना निवासी राजा (55) पुत्र बाबूलाल वाल्मीकि 26 फरवरी को नरायच निवासी अपने मित्र रामविलास के साथ एक विवाह समारोह में छिरका गया था। इस दौरान ट्रैक्टर की ट्राली में रखा डीजे का साउंड बाक्स राजा के ऊपर गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। रामविलास ने ग्रामीणों की मदद से उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज होने के बाद राजा दवा लेकर अपने घर चला गया। शनिवार की सुबह अचानक राजा की हालत बिगड़ने पर उसके परिजन सरकारी अस्पताल लाए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। राजा ग्राम मुटनी में सफाई कर्मी के पद पर तैनात था। राजा दो भाइयों में छोटा था। उसकी मौत पर चारों बेटे भागवत, अमित, रामकुमार व अनिल के साथ दोनों बेटियां शकुंतला. आरती और पत्नी सावित्री रोती-बिलखती रहीं। कोतवाली के इंचार्ज क्राइम इंस्पेक्टर चंद्रशेखर ने बताया कि परिजनों की मांग पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना की जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है।



राजा वाल्मीकि।

### ई-रिक्शा पलटने से 3 लोग गंभीर घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** बिवांर मार्ग पर ई-रिक्शा पलटने से ई रिक्शा चालक समेत उस पर बैठे वृद्ध और बालक के गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम माचा निवासी राजेंद्र (28) पुत्र कामता अपने ई रिक्शा में गांव के ही रहने वाले शब्बीर अली (70) पुत्र बाबू अली और अयान अली (9) पुत्र इंतजार अली को बैठाकर मौदहा कस्बे रहा था। रास्ते में सिलौली गांव के समीप संतुलन बिगड़ने से ई-रिक्शा सड़क पर पलट गया, जिससे उस पर सवार राजेंद्र, शब्बीर और अयान अली गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों लोगों को गंभीर हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के बाद सभी की हालत में सुधार बताया जा रहा है। तीनों घायलों के परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए।

# कच्ची दीवार ढही, मलबा में दबने से बालक की गई जान

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- मौदहा कोतवाली क्षेत्र के खंडेह गांव में दोपहर बाद हादसा
- चाचा के निर्माणाधीन मकान के पास ही खेल रहा था बालक

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के खंडेह गांव में एक निर्माणाधीन मकान की कच्ची दीवार अचानक भरभराकर गिर गई, जिसकी चपेट में आने से 11 वर्षीय बालक की मलबा में दबकर मौत हो गई। इस हादसे के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। सांस की आस में परिवार वाले उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।



आशीष।

कोतवाली क्षेत्र के खंडेह गांव निवासी मातादीन श्रीवास का पुत्र आशीष कुमार (11) शनिवार की दोपहर करीब 2 बजे वह अपने चाचा संतोष के निर्माणाधीन मकान के पास खेल रहा था। इसी दौरान मकान की कच्ची दीवार अचानक ढह गई और आशीष मलबा के नीचे दब गया। हादसे के बाद परिजनों और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में मलबे को हटाकर बच्चे को निकाला गया। उसकी धड़कनें शांत हो गई थीं, मगर सांस की आस में परिवार वाले कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। आशीष अपने माता-पिता की एकलौती संतान था। इकलौते बेटे को खोने के बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक की लहर व्याप्त है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



हादसे में बालक की मौत पर रोते-बिलखते परिवार के लोग। अमृत विचार

# होली में एक कॉल पर उपलब्ध होगी एंबुलेंस

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- होली के मौके पर 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहेंगीं एंबुलेंस सेवाएं

**अमृत विचार।** सीएचसी में शनिवार को एंबुलेंस सेवा के जिला प्रभारी कपिल वार्ष्णेय ने होली के मौके पर 108 एवं 102 एम्बुलेंस सेवाओं को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। कोई भी व्यक्ति 108 नम्बर पर कॉल करके एम्बुलेंस सेवा का लाभ ले सकता है।

ईएमआईआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के प्रोग्राम मैनेजर मैनेजर दिनेश यादव और जिला प्रभारी कपिल वर्ष्णेय, भूपेंद्र सिंह ने बताया कि होली पर 108 एम्बुलेंस सेवा की सभी 2200 एंबुलेंस मरीजों की सेवा के लिए 24 घंटे तैयार रहेंगी। आवश्यकता पड़ने पर मरीजों जल्द से जल्द एंबुलेंस उपलब्ध कराने के लिए अलर्ट जारी किया गया है। सभी एंबुलेंसों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए गए हैं। 108 एम्बुलेंस विशेष रूप से चिन्हित किए गए विशेष स्थानों, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों, व थानों के नजदीक मौजूद रहेगी। जिससे आपात स्थिति में मरीजों को प्राथमिक इलाज उपलब्ध होने के साथ ही एम्बुलेंस से जल्द से जल्द निकटतम अस्पताल पहुंचाया जा सके। जीवनरक्षक दवाओं के साथ प्रशिक्षित स्टाफ भी सभी एंबुलेंसों में मौजूद रहेंगे। सड़क या अन्य कोई दुर्घटना होने, जलने, हार्ट, सांस, लीवर, किडनी, पेट दर्द, स्किन से संबंधित कोई भी समस्या होने पर 108 नंबर पर काल करें। एम्बुलेंस जल्द से जल्द मौके पर पहुंचेगी और पीड़ित को अस्पताल ले जाएगी।

# ग्राम स्वराज के प्रशिक्षण का समापन

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत ग्राम पंचायत सचिवों, ग्राम प्रधानों, पंचायत सहायकों को ईजीएस, पीएफएमएस, जेम पोर्टल एवं एसएनए स्पर्श पोर्टल के दो दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन शनिवार को ब्लाक कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

उपनिदेशक पंचायती राज चित्रकूट मंडल परवेज आलम खान के निर्देश पर दो दिवसीय प्रशिक्षण जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर महोबा द्वारा आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन केशव प्रसाद मास्टर ट्रेनर ने जेम पोर्टल एसएनए स्पर्श के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। जितेंद्र कुमार ने ईजीएस एवं पीएफएमएस के बारे में बताया। डीपीआरसी महोबा के सहायक फैकल्टी इंचार्ज इरफान खान ने स्वच्छ भारत मिशन की जानकारी प्रदान की। इसी तरह ब्लॉक में सीनियर रिसोर्स सेंटर प्राची गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 80 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है। अंतिम दिन ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक और संबंधित पंचायत सचिवों ने भाग लिया। इस दौरान पंचायत सचिव नितेश चन्देल, शिवमूरत सिंह, नीरज पटेल, भूपेंद्र, स्वेता शर्मा, प्रियंका, नायक पुरवा प्रधान सुनील कुमार, अरतरा के प्रधान माहेश्वरी दीन, परछछ की प्रधान अंशिका गौतम, खंडेह के प्रधान सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एडीओ पंचायत अमर सिंह यादव ने किया।



प्रशिक्षण में मौजूद पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान। अमृत विचार

- मौदहा ब्लाक में प्रशिक्षित किए गए ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव

# महिला संग छेड़छाड़ अंधेरे में खींच ले गया

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- विरोध करने पर पुत्री व उलाहना देने गए पति को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** जलालपुर थाने के एक गाँव में युवक ने एक महिला के साथ अश्लील हरकतें कर उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी और महिला को पकड़ कर अंधेरे में ले गया। महिला के चीखने चिल्लाने और शोर मचाने पर जब उसकी पुत्री उसे बचाने के लिए आई तो आरोपी ने महिला की पुत्री के साथ मारपीट कर दी। यहां तक कि महिला का पति जब आरोपी के घर उलाहना देने के लिए गया तो पति को भी पीट दिया। पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

महिला ने बताया कि 25 फरवरी की रात करीब 9 बजे उसके पति की गैर मौजूदगी में गांव का एक युवक उसके घर के दरवाजे पर आया और उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ करने लगा। इसी बीच युवक उसे घर के अंदर खींचकर अंधेरे में ले गया। बताया कि उसके द्वारा चीखने चिल्लाने और शोर मचाने पर जब उसकी पुत्री उसे बचाने के लिए दौड़ी तो आरोपी ने उसकी पुत्री के साथ भी मारपीट कर दी। उसका पति घर आया तो उसने अपने पति को घटना की जानकारी दी। पति आरोपी व्यक्ति के घर उलाहना देने के लिए गया तो आरोपी ने उसके पति के साथ भी मारपीट कर दी। बताया कि घटना के बाद उसने पुलिस को सूचना दी। इसी बीच युवक जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

**विज्ञान प्रदर्शनी** | अपवर्तन लेंस, उत्प्लावन बल और पवन चक्की के मॉडल प्रस्तुत किए गए

# नन्हे विज्ञानियों ने मॉडल में दिखाया हुनर

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के सरस्वती पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में चार स्कूलों के विद्यार्थियों ने मॉडल के जरिये विज्ञान की जटिल अवधारणाओं का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह व क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय व पूर्व ब्लाक प्रमुख शिवकुमार पाण्डेय ने किया। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने विज्ञान पर आधारित आकर्षक और ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किया। मानव शरीर के अंतर्गत आहार नली, दांत एवं नेत्र की कार्य प्रणाली को दर्शाया गया। भौतिक विज्ञान में अपवर्तन लेंस, उत्प्लावन बल और पवन चक्की के मॉडल प्रस्तुत किए गए। वहीं भू-विज्ञान के अंतर्गत ज्वालामुखी का जीवंत मॉडल तथा ऋतु परिवर्तन की खगोलीय प्रक्रिया को दर्शाया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए मॉडलों का निरीक्षण किया। प्राइमरी विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम पाने वाले प्रतिभागी अरहाना फिरोज, ऑर्थोव गुप्ता व राघव द्विवेदी वही द्वितीय स्थान अपने वाले मोहम्मद आरिफ उर्फ फुरकान, फैज, आर्यन, सान्वी, प्रगति, आयशा बानो, जोया भावना तथा तृतीय स्थान में अविनाश पांडे आलिया आदि रही। वहीं जूनियर विज्ञान मॉडल में प्रथम स्थान अपने वाले प्रतिभागी समायरा खालिद, अयान अली, मुजाहिद अली व कार्तिकेय, द्वितीय स्थान में फैजल, आयन, युग, रिया आलिमा, आयशा व सैलप्रिया तथा तृतीय स्थान में यश गुप्ता व याक़ूब निजामी रहे। वही सीनियर विज्ञान मॉडल में प्रथम स्थान पाने वाले श्रेयश, तेजस, ऋतुराज व यशवर्धन वही आरना, ईशिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही स्पेशल अवार्ड प्राइमरी में शौर्य धुरिया ने प्राप्त किया। विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख बिना पांडे, अनिल द्विवेदी, अवधेश पालीवाल, श्रीपाल व मनोज सहित सभी शिक्षक एवं स्टाफ मौजूद रहा।



विज्ञान के मॉडलों की बारीकी समझते मुख्य अतिथि व अन्य। अमृत विचार

# वीर नारियों के सम्मान समारोह में पहुंचीं कर्नल सोफिया कुरैशी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में शनिवार को 12 मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री की ओर से पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह 2026 मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक सैनिक कल्याण ब्रिगेडियर अतुल कुमार, सेना मेडल व ब्रिगेडियर सुमित रावत, एसएम 27 आर्ड ब्रिगेड मौजूद रहे।

कार्यक्रम में जनपद की 22 और बांदा की 7 वीर नारियों व 15 पूर्व सैनिकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में 31 डिवीजन की ओर से कर्नल सोफिया कुरैशी भी पहुंचीं। पूर्व सैनिक संगठन राठ व मौदहा ने भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मेडिकल कैंप, कैंटीन, स्पर्श सेल, इंश्योरेंस, सहित कई स्टॉल भी लगाए गए, जिनका मुख्य अतिथियों ने अवलोकन किया। कार्यक्रम में 400 पूर्व सैनिकों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान संयोजक कैप्टन आईएन हरजिंदर सिंह संधू, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी अपनी टीम सुनील गुप्ता, विनोद सिंह, भगवानदास, गिरजाशंकर साहू उपस्थित रहे है। 12 मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री के कमांडिंग आफिसर कर्नल सुधीर कुमार मेजर केजी शिनाय, सूबेदार मेजर देशपाल, नायब सूबेदार भरत व नायब सूबेदार राजेश आदि मौजूद रहे।



वीर नारी को सम्मानित करते मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर अतुल कुमार। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### अदालत के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

महोबा। अदालत के आदेश पर केस दर्ज हुआ है। कबरई थाना क्षेत्र के सुकौरा निवासी बृजकिशोर अहिरवार ने कोर्ट को बताया कि उसका खेत गांव के बाहर है। वहां जाने के लिए रामविशाल उर्फ सुकरू के खेत से गुजरना पड़ता है। रामविशाल के बेटों संदीप कुमार, हरिशंकर उर्फ पप्पू और हरिश्चंद्र उर्फ बबलू ने खेत से निकलने पर विवाद किया। शिकायत पर पुलिस और राजस्व टीम ने जांच की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। 5 नवंबर 2024 को तीनों आरोपियों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला कर धमकी दी। थानाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि एससी एसटी एक्ट सहित संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### कोटेदार का फंदे पर लटका मिला शव

महोबा। कबरई थाना क्षेत्र के लिलवाही गांव निवासी जगत सिंह (35) गुरुवार से लापता था। उसका शव खेत में पेड़ पर लटका मिला। परिजनों ने बताया कि जगत काम से गया था, लेकिन रात तक वापस नहीं लौटा। सुबह तलाश करते हुए खेत पहुंचे, जहां शव पेड़ से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई भाई मान सिंह और भतीजे राहुल ने आरोप लगाया है कि करीब एक महीने पहले कुछ दबंग राशन की दुकान में घुसकर जबरन अनाज भर ले गए थे। इस के बाद से जगत सिंह तनाव में थे। पुलिस का कहना है कि मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बात ज्ञात हो सकेगा, फिलहाल परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है।

### वृद्धा को शौचालय में बंद कर गई केयरटेकर

महोबा। जैतपुर विकास खंड क्षेत्र के चमरूआ गांव में 100 वर्षीय सुमित्रा देवी शौच के लिए गांव के सामुदायिक शौचालय गई थीं। केयरटेकर ने बिना देखे शौचालय का दरवाजा बंद कर ताला लगा दिया। काफी देर तक जब वृद्धा घर नहीं लौटीं तो परिवार के लोगों ने गांव और खेतों में तलाश शुरू की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। उधर, शौचालय में बंद सुमित्रा देवी दरवाजा पीटती रही और आवाज लगाकर मदद मांगती रहीं, लेकिन किसी को जानकारी नहीं हो सकी। करीब एक घंटे बाद शौचालय के अंदर से रोने की आवाज सुनाई दी, तब जाकर पूरा मामला सामने आया। केयरटेकर सरोज ने ताला खोला और महिला को बाहर निकाला। हालत खराब होने पर अस्पताल में भर्ती कराया। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### पहला अशरा खत्म मगफिरत का शुरू

महोबा। रमजान को दस दस दिन के तीन अशरों में बांटा गया है। पहले दस दिन रहमत का अशरा होता है। शनिवार को पहला अशरा पूरा होते ही दूसरा अशरा मगफिरत शुरू हो गया है। दूसरा अशरा बीसवें रोजे के सूरज डूबने तक रहेगा। इस अशरे में रोजेदार अल्लाह से मगफिरत की दुआ करते हैं। इस दौरान अल्लाह से अपने गुनाहों की तौबा की जाती है और आल्लाह ताअला गुनहगारों की मगफिरत करके जन्नत का हकदार बनाता है। रमजानुल मुबारक माह में आल्लाह ताअला ने कुरान नाजिल किया। इस माह में दोजख के दरवाजे बंद हो जाते है और जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते है साथ ही शैतान को कैद कर लिया जाता है। इस माह में नफलों का सवाब फर्ज के बराबर मिलता है। रमजान के दूसरे अशरे में रोजेदार रोजा रखकर इफ्तार के वक्त आल्लाह ताअला से गिड़गिड़ा कर अपने गुनाहों की मगफिरत के लिए दुआ करता है।

# प्रतियोगिता में सतीश और सैजल चैंपियन बने

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- राजकीय महाविद्यालय की 45वीं क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन
- दौड़ के साथ भाला फेंक, तवा फेंक ऊंची कूद, लंबी कूद की स्पर्धाएं



चैंपियन खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राजकीय महाविद्यालय चरखारी में दो दिनों तक चले 45वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह में विभिन्न खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने पर अच्छे अंक प्राप्त कर छात्र वर्ग में सतीश यादव ने और छात्रा वर्ग में सैजल ने चैम्पियनशिप पर जीती। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। क्रीड़ा प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत और विशिष्ट अतिथि प्रो. सुशील बाबू क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

वार्षिक क्रीड़ा एवं पुरस्कार वितरण समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्जवल करते हुए किया। महाविद्यालय की छात्रा अफसा ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन कर रही प्रो. डा. रूचि जायसवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। समापन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि जो छात्र छात्राएं स्थान प्राप्त किए हैं, उनसे अधिक महत्वपूर्ण वह हैं। जिन्होंने प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया है, क्योंकि अगर हारने वाले प्रतिभाग न करते जीतने वाले जीतते कैसे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने इस वर्ष शिक्षा पर सबसे अधिक बजट बढ़ाते हुए कुल बजट का 10 प्रतिशत शिक्षा व व्यय निर्धारित किया है।

क्षेत्रीय उच्च शिक्षाधिकारी ने कहा कि स्वस्थ शरीर पांचो इन्दियों को कन्ट्रोल करता है और खेल व्यायाम से ही शरीर स्वस्थ होता है। आज मोबाइल ने रेडियो, घड़ी जैसे तमाम संसाधनों को समाप्त कर दिया है और युवा मोबाइल पर निर्भर हो गया है। खेलकूद एक ऐसी विद्या है जो कि मन को एकाग्रचित करता है। समापन सत्र को नगर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के समापन पर संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. उमाशंकर त्रिपाठी ने सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर समारोहक डॉ. सुमन सिंह' डॉ. क्रीड़ा प्रभारी डॉ. विनोद सिंह चंदेल' डॉ. दीपक सिंह' डॉ. एनके सोनी' डा. मंज सिंह' डा. दपीक कुमार' डॉ. राजकुमार मौर्या मुख्तार अहमद खां' पूर्व फौजी कुलदी भटनागर' गुन्नी घोष' कैलाश ताम्रकार' विजय सिंह सेंगर' भगवादीन प्रजापति' कम्प्यूटर आपरेटर अनुपम उपाध्याय सहित स्थानीय गणमान्य लोग तथा छात्र छात्राएं मौजूद रहे। इससे पूर्व 200 मीटर, 800 मीटर दौड़, भाला फेंक, ताबा फेंक, ऊंची कूद, लंबी कूद सहित तमाम प्रतियोगिताएं संपन्न हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

# होली के रंग में रंगे स्कूली होरियारे

कार्यालय संवाददाता, महोबा



शनिवार को स्कूल में होली खेलते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्कूलों में होली की छुट्टी होने से पहले शनिवार को बच्चों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली खेली। अबीर-गुलाल की फुहार के साथ बच्चों ने खूब मस्ती की। बच्चों ने गुरुओं को अबीर-गुलाल और रंग लगाकर होली खेली और होली की मुबारकबाद दी। होली पर्व के प्रति बच्चों में खासा उत्साह दिखाई दिया।

होली त्योहार को लेकर बच्चे पहले से ही रंग अबीर गुलाल का इंतजाम करके विद्यालय पहुंचे। बच्चों को स्कूल की छुट्टी होने का बेसबरी से इंतजार था, जैसे ही छुट्टी की घंटी बजी बच्चों ने बस्तों से अपना अपना रंग गुलाल अबीर निकाला और एक दूसरे को लगाने में जुट गए। कई बच्चे पालीथिन में भरकर गुलाल लाए थे, बच्चों ने ऊंचाई से बच्चों के ऊपर गुलाल उड़ाया, जिससे सभी बच्चें होली के रंग में रंग गए। बच्चों ने स्कूल के टीचरों का तिलक किया और अबीर गुलाल लगाया। स्कूल की छुट्टी होने के बाद बच्चे रास्ते भर अबीर गुलाल उड़ाते हुए घरों की तरफ गए। रास्ते में भी एक दूसरे बच्चों को रंग लगाया और होली का हुड़दंग मचाया। बच्चों में होली पर्व के प्रति खासी खुशी दिखाई दी। बच्चे बुरा न मानो होली है कहते हुए चल रहे थे। अबीर गुलाल लगाने के बाद बच्चे एक दूसरे के गले भी मिले और होली त्योहार की बधाई दी। कापी किताबों की परवाह किए बिना बच्चे बस्तों में बहुत सारा रंग भरकर लाए थे।

### एक-दूसरे के गाल लाल कर चहके नौनिहाल

महोबा। संजरी इंटरनेशनल विद्यालय महोबा के एलकेजी से लेकर कक्षा पांच के छात्र छात्राओं और विद्यालय स्टाफ ने होली पर्व के अवकाश से पहले होली खेलकर एक दूसरे को अबीर गुलाल से रंग दिया। नन्हें-मुन्ने बच्चे ने कक्षा में पढ़ने वाले क्लासमेट को रंग, अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। होली की छुट्टी से पूर्व विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों के लिए होली मिलन समारोह के आयोजन से उनमें खुशी नजर आई। विद्यालय में होली मिलन समारोह के मौके पर बच्चों ने शिक्षकों के साथ अबीर गुलाल उड़ाकर होली का आनंद लिया और एक दूसरे के साथ होली खेली और पर्व शुभकांनाएं दी। बच्चों ने साउड पर बज रहे गानों पर खूब थिरक कर जश्न मनाया।

# मंदिर से राम-जानकी व लक्ष्मण की मूर्तियां चोरी

## अजनर थाना क्षेत्र के सेलापुरवा के मंदिर में हुई वारदात

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)

- सुबह पुजारी के मंदिर पहुंचने पर चोरी का चला पता
- ग्रामीणों में गुस्सा, पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी



मंदिर में इसी स्थान पर रखी थीं मूर्तियां।

**2009** में हुआ था मंदिर का निर्माण

**2011** में हुई थी मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा

**अमृत विचार।** अजनर थाना क्षेत्र के सेलापुरवा स्थित राम जानकी मंदिर से शुक्रवार की रात शातिर चोर भगवान राम, लक्ष्मण और सीता की पीतल की मूर्तियां चोरी कर ले गए। शनिवार सुबह पुजारी जब पूजा करने के लिए मंदिर पहुंचे तो मूर्तियां गायब मिलीं। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ की। मंदिर में हुई चोरी से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने घटना का खुलासा किए जाने की मांग की है।

पुजारी रमेश ने बताया कि प्रतिदिन की तरह शनिवार सुबह आरती और पूजा-पाठ करने के लिए वह मंदिर पहुंचे। जैसे ही मंदिर के गर्भगृह पहुंचा तो श्रीराम, लक्ष्मण और सीता जी की पीतल की मूर्ति अपने स्थान पर नहीं मिली। मूर्ति न मिलने पर वह चीख-चिल्लाने लगे। शोर शराबा सुनकर आसपास के ग्रामीण मंदिर पहुंचे और पुजारी के साथ मिलकर मूर्तियों की आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सुभाषचन्द्र पुलिस के साथ पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आसपास के लोगों से पूछताछ करने में जुटी हुई है। पुजारी ने बताया कि मंदिर का निर्माण वर्ष 2009 में हुआ था और वर्ष 2011 में मूर्तियों की विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा की गई थी, जिसमें मूर्ति की दक्षिणा 95,000 लगी थी। ग्रामीणों ने शीघ्र खुलासा करने की मांग करते हुए मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की भी अपील की है। थानाध्यक्ष का कहना है कि जल्द ही खुलासा कर गिरफ्तार किया जाएगा।

### सीसीटीएनएस में फिर जिला प्रदेश में अव्वल

**महोबा।** क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम (सीसीटीएनएस) में कार्य प्रदर्शन के आधार पर मुख्यालय तकनीकी सेवाएं उत्तर प्रदेश ने जनवरी 2026 के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश स्तरीय रेटिंग में जिले को 100 प्रतिशत अंक देने के साथ आठवीं बार प्रथम स्थान घोषित किया है। प्रथम स्थान हासिल किए जाने पर जिले के पुलिस अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिले ने यह उपलब्धि हासिल कर कार्य कुशलता, त्वरित निस्तारण और तकनीकी दक्षता का प्रमाण दिया है।

इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएं उत्तर प्रदेश नवीन अरोरा ने पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह और सीओ सीसीटीएनएस गौरव उपाध्याय के अलावा कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-बी रहमान रशीद को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्यालय की टीमवर्क, उत्तरदायित्व व विभाग की प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की गई और भविष्य में भी इसी मनोयोग एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की गई है।



स्कूली बच्चों को अंतरिक्ष संबंधी जानकारी देते वैज्ञानिक। अमृत विचार

# बच्चों को अंतरिक्ष का कराया ज्ञान

**कुलपहाड़।** कस्बे के चिंतामणि विद्यालय में अंतरिक्ष विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में अंतरिक्ष से संबन्धित उपकरण, माडल और वैज्ञानिक अवधारणाओं को सरल, आकर्षक और प्रभावी ढंग से समझाया गया। प्रदर्शनी में लगाए गए वैज्ञानिक उपकरणों को बच्चों को भी दिखाया गया साथ ही उन्हें प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक विज्ञान से संबन्धित जानकारी भी दी गई।

जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की सार्थक पहल से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच जिज्ञासा और अंतरिक्ष विज्ञान में गहरी रुचि को बढ़ावा देने में मदद की। इस बहुमूल्य और ज्ञानवर्धक अनुभव के लिए इसरो के वैज्ञानिकों और उनकी टीम के विद्यालय आने पर विद्यालय प्रबंधन ने उनका स्वागत किया। वैज्ञानिकों की टीम को देखकर स्कूली बच्चे खासे उत्साहित नजर आए। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेमचंद्र यादव ने कहा कि यह प्रदर्शनी न केवल विद्यार्थियों के लिए बल्कि जनपद और तहसील कुलपहाड़ के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों और छात्र छात्राओं के लिए अत्यंत लाभकारी है। इसरो के वैज्ञानिक अंकित थरेजा ने छात्रों को सैटेलाइट और रॉकेट के निर्माण की विधियों और उनसे होने वाले लाभों के बारे में बताया।

उन्होंने पीएसएलवी, जीएसएलवी, एलबीएम, चंद्रयान और मंगलयान जैसे प्रमुख रॉकेट व सैटेलाइट मिशनों पर भी प्रकाश डाला। वैज्ञानिक योगेंद्र सिंह ने बताया कि इसरो वैन अब दूसरे ब्लाक में जाएगी, जहां के बच्चे अंतरिक्ष विज्ञान के बारे में जान सकेंगे। इस मौके पर खंड शिक्षाधिकारी अवनीश कुमार यादव, विद्यालय के संरक्षक, वरिष्ठ अधिवक्ता हिमांशु मणि, बृजेंद्र द्विवेदी, आरबीपीएस के प्रधानाचार्य अमित अग्रवाल मौजूद रहे।

### स्त्रियों में एचपीवी का खतरा अधिक

**महोबा।** चरखारी सीएचसी में शनिवार को सर्वाइकल कैंसर पर आधारित कार्यक्रम हुआ, जिसमें गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर पर महिला रोग विशेषज्ञ ने लक्षण और उपचार के बारे में जानकारी दी। इस दौरान राजस्थान के अजमेर में पीएम मोदी के ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिकाया गया।

सर्जन डॉ. आनंद राजपूत ने बताया कि अभी हाल में ही एक महिला में यह सक्रमण पाया गया था, जिसकी जांच कराने पर कौ्सर रोग सामने आया, लेकिन समय से डायगनोस होने से आपरेशन हो गया और महिला खतरे से बाहर है। उन्होंने बताया कि यह एक सैक्सुल खतरा है, जो महिलाओं, बच्चियों में होने का खतरा रहता है और टीकाकरण के बाद पूरी तरह से सुरक्षित माना गया है। भारत में सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला दूसरा आम कैंसर है। अधीक्षक डॉ. विनय पटेल ने कार्यक्रम की जानकारी दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व सैनिक कुलदीप भटनागर, गन्नी घोष, डॉ. आनंद राजपूत, रामश्री अरजरिया' आलोक सिंह, अंकुर राजावत सहित स्वास्थ्य केंद्र का स्टाफ और तमाम महिलाएं मौजूद रहीं।

# वादाखिलाफी के विरोध में निकला मशाल जुलूस

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- बुंदेलखंड पृथक राज्य को लेकर निकली यात्रा महोबा पहुंची



महोबा में शनिवार को मशाल जुलूस में शामिल बुंदेली। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड अलग राज्य निर्माण की मांग को लेकर चित्रकूट से शुरू हुई वादा खिलाफी जन आक्रोश रथ यात्रा के महोबा आगमन पर शहर के आल्हा चौक पहुंची, जहां पर कार्यकर्ताओं ने मशाल जुलूस निकालकर केंद्र सरकार को 2014 में किए गए वादे की याद दिलाते हुए प्रदर्शन किया।

यात्रा के प्रमुख भानु सहाय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान बुंदेलखंड की जनता से अलग राज्य बनाने का वादा किया गया था, जो दो कार्यकाल बीतने के बाद भी अधूरा है। यात्रा का उद्देश्य बुंदेलखंड के हर जिले में जन जन को जागरूक करना है। यह यात्रा चित्रकूट से शुरू हुई थी। अब तक चित्रकूट, बांदा, पन्ना, दमोह, सागर, टीकमगढ़, ललितपुर, दतिया, जालौन और हमीरपुर जैसे जिलों से होकर गुजर चुकी है। अब महोबा आकर मशाल जुलूस निकाला गया। बताया कि होली के त्योहार को देखते हुए यात्रा को अस्थायी रूप से रोका गया है। होली के ठीक बाद यह यात्रा पुनः शुरू होगी। उन्होंने बताया कि 13 मार्च को ओरछा के प्रसिद्ध रामराजा मंदिर में इसका समापन होगा। यात्रा में शामिल लोगों का मानना है कि बुंदेलखंड के विकास का एक मात्र रास्ता 'पृथक राज्य' का निर्माण ही है। इस मौके पर बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर, चंद्रशेखर स्वर्णकार, गया प्रसाद और अमरचंद विश्वकर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि बुंदेलखंड की उपेक्षा अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिक्षा, रोजगार और पलायन जैसी समस्याओं का समाधान सिर्फ अलग राज्य के निर्माण में ही निहित है।

**गजब के दांव-पेच** — अजनर के सिद्ध बाबा मेला महोत्सव का दंगल प्रतियोगिता के साथ हुआ समापन

# सपना पहलवान ने ग्वालियर के रोहित को चटाई धूल

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)



दंगल के अखाड़े में दांव लगाकर पटखनी देने का प्रयास करते पहलवान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अजनर के सिद्ध बाबा मेला महोत्सव के अंतिम दिन दंगल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में राजस्थान, अयोध्या, ग्वालियर, गाजियाबाद, झांसी सहित अन्य शहरों के करीब डेढ़ दर्जन पहलवानों के मध्य कुश्तियां कराई गई। पुरुष पहलवानों के अलावा महिला पहलवानों की कुश्तियां आकर्षण का केंद्र रहीं। दर्शकों ने भी दंगल दौरान पहलवानों का खूब हौसला बढ़ाया। प्रतियोगिता की सबसे बेहतरीन कुश्ती में अयोध्या की सपना ने ग्वालियर के रोहित को धूल चटाकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

सिद्ध बाबा मेला के समापन अवसर में दंगल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसका शुभारंभ ग्राम प्रधान नन्हेलाल अनुरागी ने फीता काटकर किया। इसके बाद कुश्तियों का दौर जारी हुआ, जिसमें रेफरी ने पहली कुश्ती का आगाज बेलाताल के पहलवान मूनीर और सुगिरा के बब्लू का आपस में हाथ मिलाकर किया। दंगल में मुनीर ने बब्लू को पटकनी देते हुए जीत दर्ज की। इसके बाद राजस्थान के अभिषेक और ग्वालियर के जयसिंह पहलवान के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें दोनो पहलवानों ने अंत तक हार नहीं मारी और कुश्ती बराबरी पर छूटी। गंगानगर के बलवीर और रज्जन सिंह अतर्रा के बीच हुए दंगल में बलवीर ने जीत हासिल की। अयोध्या के छोटा बाबा और अमर गोरखपुर के बीच हुई कुश्ती में अमर को हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद अयोध्या के छोटा बाबा और ग्वालियर के रोहित के बीच हुई कुश्ती में छोटा बाबा ने जीत दर्ज करते हुए दूसरी कुश्ती में जगह बनाई और उनका मुकाबला गोरखपुर के संजय से हुआ जो बराबरी पर रहा।

दूसरे दौर हुई महिला पहलवानों की कुश्ती का दर्शकों ने खूब लुत्फ उठाया। अयोध्या की सपना और गाजियाबाद की मुस्कान के बीच हुई कुश्ती में सपना ने मुस्कान को धोबी पछाड़ देते हुए कुश्ती जीती। वहीं अखिलेश झांसी ने बलवीर गंगानगर को मात दी। दंगल की अंतिम और चर्चित मुकाबल अयोध्या की महिला पहलवान सपना और ग्यालियर के रोहित के बीच हुआ, जिसमें सपना ने रोहित को धूल चटाकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।

दंगल में रेफरी की भूमिका में मसगांव के ऊदल रहे, जबकि अनिल कुमार ने कमेंट्री कर मुकाबलों को रोमांचक बनाया। अंत में सभी पहलवानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर देवेश भारती, अरविंद कुशवाहा, बृजेंद्र राजपूत, फूलसिंह यादव, मेला अध्यक्ष जयसिंह यादव, उपाध्यक्ष सुरेंद्र राजपूत, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सक्सेना, सचिव अवधेश सहित व्यवस्थापक नूर मोहम्मद, घन्नू, देवकरण राजपूत यादव आदि रहे।


### कार्यालय ग्राम पंचायत करियारी वि0ख0 सरीला (हमीरपुर)

पत्राक: मेमो/ मनरेगा/विज्ञप्ति/ 2025–26 दिनांक: 28/02 /2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, एवं लघु सिचाई विभाग एवं व्यापार कर विभाग में पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं से मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु निविदायें **दिनांक 09.03.2026** तक **कार्यालय ग्राम पंचायत करियारी वि0ख0 सरीला** में आमत्रित की जाती है। जो **दिनांक 01.03.2026** से **दिनांक 09.03.2026** तक बेची जाएगी तथा **दिनांक 09.03.2026** को 2.00 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी. तथा **दिनांक 09.03.2026** को समय 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर **कार्यालय ग्राम पंचायत करियारी वि0ख0 सरीला** से प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रु0 मूल्य का स्टाम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | योजना | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रू0 में | धरोहर राशि 2 प्रतिशत) | निविदा का मूल्य + टी.टी | कार्य पूर्ण होने की अवधि | ग्राम पंचायत का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | ग्राम पंचायत करियारी में शिवदयाल के मकान के सामने से खेरापति तक इन्टरलांकिग कार्य | 518480 | 10370 | 450+81 | 3 माह | करियारी |

**अन्य शर्ते-** 1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं की जाएगी। 3. किसी भी दशा में अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा। 4. आपूर्तिकर्ता निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें। 5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। 6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर आपूर्तिकर्ता द्वारा वहन किया जाएगा। 7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी।. 8. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी। 9. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नहीं ली जा सकती है। 10. किसी भी प्रकार का वाद मात्र हमीरपुर न्यायालय में ही मान्य होगा।

**ग्राम प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत**
ग्राम पंचायत - करियारी, वि0ख0 सरीला (हमीरपुर)

### कार्यालय ग्राम पंचायत छिबौली वि0ख0 सरीला (हमीरपुर)

पत्राक: मेमो/ मनरेगा/विज्ञप्ति/ 2025–26 दिनांक: 28/02 /2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, एवं लघु सिचाई विभाग एवं व्यापार कर विभाग में पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं से मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु निविदायें **दिनांक 07.03.2026** तक **कार्यालय ग्राम पंचायत छिबौली वि0ख0 सरीला** में आमत्रित की जाती है। जो **दिनांक 01.03.2026** से **दिनांक 07.03.2026** तक बेची जाएगी तथा **दिनांक 07.03.2026** को 2.00 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी. तथा **दिनांक 07.03.2026** को समय 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर **कार्यालय ग्राम पंचायत छिबौली वि0ख0 सरीला** से प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रु0 मूल्य का स्टाम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | योजना | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रू0 में | धरोहर राशि 2 प्रतिशत) | निविदा का मूल्य + टी.टी | कार्य पूर्ण होने की अवधि | ग्राम पंचायत का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | रामजीवन के खेत से कालका प्रसाद के खेत तक सोलिंग कार्य | 575041 | 11500 | 500+90 =590रू0 | 3 माह | छिबौली |

**अन्य शर्ते-** 1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं की जाएगी। 3. किसी भी दशा में अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा। 4. आपूर्तिकर्ता निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें। 5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। 6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर आपूर्तिकर्ता द्वारा वहन किया जाएगा। 7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी।. 8. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी। 9. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नहीं ली जा सकती है। 10. किसी भी प्रकार का वाद मात्र हमीरपुर न्यायालय में ही मान्य होगा।

**ग्राम प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत**
ग्राम पंचायत - छिबौली, वि0ख0 सरीला (हमीरपुर)

